# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025







## खबर संक्षेप

### रसोई गैस की सब्सिडी 61 रुपए पर हुई फ्रिज



**रायपुर।** रसोई गैस की कीमत बीते पांच साल में कम ज्यादा होती रही है, लेकिन जहां तक सब्सिडी का सवाल है तो यह बीते करीब पांच साल से 61.24 रुपए पर फ्रिज है। अक्टूबर 2020 में रसोई गैस की कीमत 665 रुपए थी, तब सब्सिडी 61.24 रुपए मिलती थी। इसके बाद से दाम बढ़े ही हैं। एक समय तो कीमत 1124 रुपए तक भी गई, लेकिन इसके बाद भी सब्सिडी 61.24 रुपए ही रही। इस समय रसोई गैस की कीमत राजधानी रायपुर में 874 रुपए है, लेकिन सब्सिडी वहीं पांच साल पुरानी ही है। यही नहीं सब्सिडी कभी आती है कभी नहीं आती। हजारों उपभोक्ताओं को सब्सिडी मिलती भी नहीं है।

### चिटफंड की सवा लाख से अधिक अर्जियां डंप



**दुर्ग।** वर्ष 2022-23 के अगस्त व सितंबर माह में लंबी कतारों में खडे होकर चिटफंड के जाल में फंसे सवा लाख से अधिक पीडितों ने प्रशासन को अर्जियां दी थी। उन्हें इस बात की उम्मीद थी कि, आवेदन देने के बाद जल्द ही राशि मिल जाएगी। लेकिन यहां जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ऐसे चिटफंड कंपनी की कुंडली ही नही खंगाल पाई है। हाल ही में पुलिस ने शुष्क इंडिया के संचालक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। कांग्रेस शासन काल में लिए गए आवेदन को लेकर निवेशक अब राज्य में बैठी भाजपा की सरकार से उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# प्रियंका चार्टर प्लेन से पहुंची दंतेश्वरी एयरपोर्ट



शूटिंग के लिए सड़क मार्ग से ओडिशा के सिमलीगुड़ा रवाना हुई

**जगदलपुर।** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा सोमवार को दोपहर 2 बजे जेटसेट गो चार्टर प्लेन से दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंची। यहां से वह सड़क मार्ग से ओड़िसा के सिमलीगुड़ा रवाना हो गई, जहां फिल्म की शूटिंग हो रही है। 4 दिन पहले अभिनेता महेश बाबू और डायरेक्टर प्रोड्यूसर राजामौली अपने टीम के साथ पहुंचकर शूटिंग स्थल में मौजूद है। प्रियंका चोपड़ा के आने की खबर थी। उनके साथ बॉडीगार्ड और पर्सनल सेक्रेटरी के पहुंचने की जानकारी मिली है। प्रियंका ने चार्टर प्लेन की एयर हास्टेज के साथ फोटो भी खिंचवाई। फिल्म की शूटिंग ओड़िसा के कोरापुट जिला मुख्यालय से लगभग 65 किमी दूर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल और खुबसूरत वनांचल देवमाली और तोलोमाली में हो रही है। जगदलपुर से कोरापुट 105 किमी दूर है। यहां से राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित 30 किमी दूर सिमलीगुड़ा के एक होटल में प्रियंका चोपड़ा ठहरी है।



### शूटिंग स्थल को निजी सुरक्षाकर्मियों ने घेरा

शूटिंग स्थल देवमाली सिमलीगुड़ा से 35 किमी दूर है। इस तरह जगदलपुर से देवमाली की दूरी 170 किमी है। बताया गया है कि पूरे शूटिंग स्थल के बड़े क्षेत्र को निजी सुरक्षा कर्मियों ने घेर रखा है। कोरापुट जिला प्रशासन से शूटिंग की अनुमति ली गई है। जगदलपुर एयरपोर्ट काफी बड़ा है इसलिए यहां चार्टर प्लेन उतरने की सुविधा है।

### बड़ा एयरपोर्ट होने के कारण आते हैं चार्टर प्लेन

प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और केन्द्रीय मंत्री जब ओड़िशा के कार्यक्रम में पहुंचते है तो उन्हें जगदलपुर एयरपोर्ट में आना जाना पड़ता है। वैसे ओड़िशा के जयपुर में नियमित विमान सेवा है। लेकिन एयरपोर्ट छोटा होने से सेलिब्रिटी और वीवीआईपी जगदलपुर से होकर ओडिशा जाते है।

### उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस की जीत होते ही भाजपाइयों ने कलेक्टोरेट में जमकर किया हंगामा

# टॉस से मनेंद्रगढ़ में जिला पंचायत अध्यक्ष का फैसला, यशवंती जीतीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/मनेन्द्रगढ़



नवगठित जिले एमसीबी के जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में दिलचस्प मोड़ तब आया जब भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों को बराबर संख्या में वोट मिले। भाजपा ने यशवंती सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था, जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी का भी मजबूत समर्थन था।

मतदान के दौरान दोनों को समान रूप से पांच-पांच वोट मिले, जिससे चुनावी नतीजा अनिर्णायक हो गया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने नियमानुसार टॉस के जरिए फैसला करने का निर्णय लिया। किस्मत ने भाजपा का साथ दिया और यशवंती सिंह ने टॉस जीतकर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। दूसरी ओर कांग्रेस समर्थकों में निराशा रही, लेकिन उन्होंने प्रशासनिक प्रक्रिया का सम्मान करते हुए परिणाम को स्वीकार किया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ दिया है, जहां टॉस ने तय किया कि अगले पांच वर्षों तक जिला पंचायत की कमान किसके हाथों में होगी। दूसरी ओर उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस के राजेश साहू ने कब्जा जमाया। इसे लेकर भाजपा ने जमकर कलेक्टर कार्यालय में हंगामा मचाया। समाचार लिखे जाने तक भाजपा का हो हल्ला जारी रहा।





उपाध्यक्ष पद पर राजेश ने दर्ज की जीत

## सभापति व भाजपा पार्षद नूतन सिंह पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित



**कोरबा।** नगर निगम के नवनिर्वाचित सभापति व भाजपा पार्षद नूतन सिंह को पार्टी के प्रदेश संगठन ने 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने यह कार्यवाही नूतन सिंह ठाकुर द्वारा नगर पालिका निगम के सभापति चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल के खिलाफ चुनाव लड़ने की वजह से की है। नूतन सिंह ठाकुर ने यह चुनाव जीता था। पार्टी हाईकमान ने अनुशासनहीनता माना।

### नोटिस नहीं दी गई

भाजपा से निष्कासन का समाचार मीडिया के माध्यम से मिला है। पार्टी नोटिस देती तो जरूर बताता कि हितानंद अग्रवाल को पार्षदों ने क्यों पसंद नहीं किया। भाजपा का छोटा कार्यकर्ता हूं और रहूंगा। 33 भाजपा पार्षदों ने सभापति के लिए मुझे जनादेश दिया है। कोरबा शहर का चौतरफा विकास करने तथा नियमों के अनुसार निगम को चलाने का दायित्व पूरी निष्ठा से पूरा करता रहूंगा।

**-नूतन सिंह ठाकुर**
सभापति नगर निगम कोरबा

### जानकारी नहीं थी नूतन के नामांकन दाखिल करने की

भाजपा पार्षद नूतन सिंह ठाकुर द्वारा सभापति के चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किए जाने की जानकारी उन्हें नहीं थी। वह पार्टी कार्यालय में पार्षदों की बैठक में उपस्थित थे। **-मनोज शर्मा**, जिला अध्यक्ष भाजपा

### नवनिर्वाचित सरपंच ने कहा ऐसी हरकतों से डरने वाली नहीं

# सरपंच दफ्तर के सामने तंत्र-मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ग्राम पंचायत कार्यालय में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब चपरासी कार्यालय खोलने पहुंचा। पंचायत कार्यालय परिसर के भीतर ठीक सरपंच कार्यालय के मुख्य दरवाजा के सामने कटे नीबू, लाल पीला चांवल, बाल और लाली वंदन बिखरा मिला। चपरासी की सूचना पर नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती हनिता नायक को दी गई। सरपंच हनिता नायक कार्यालय पहुंची। झाखर, बैगा, पुजारी द्वारा पूजा अर्चना कर तांत्रिक क्रिया में उपयोग होने वाले सामाग्री को वहां से हटाया गया।



### फुटेज की जांच कराएंगे

सरपंच श्रीमती नायक ने कहा यह हरकत ठीक नहीं है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा उन्हें मैनपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र की जनता नगर में विकास कार्य कराने के लिए सरपंच चुना है और ऐसे गलत कार्य से डरने वाली नहीं हूं।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



- केन्द्रीय गृहमंत्री के ऐलान के बाद फोर्स आक्रामक मोड पर
- माड़ व नेशनल पार्क एरिया में फोर्स का फोकस, इंटर स्टेट बार्डर एरिया में फोर्स चला रही आपरेशन

## 4000 वर्ग किमी में सिमट चुके नक्सलवाद पर अंतिम प्रहार के लिए खुलेंगे 40 नए पुलिस कैंप

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि खास

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक छग से नक्सलवाद के सफाए के ऐलान के बाद बस्तर में फोर्स आक्रामक मोड पर है। 4000 वर्ग किमी एरिया में सिमट चुके नक्सलियों से निपटने अब 40 नए पुलिस कैंप खोले जाएंगे। जवानों द्वारा लगातार नक्सलियों के आधार इलाकों में घुसकर आपरेशन चलाया जा रहा है। यही वजह है कि वर्ष 2024 से अब तक करोड़ों रूपए के ईनामी 230 से अधिक वर्दीधारी नक्सलियों को फोर्स ने मुठभेड़ में मार गिराया है। वर्तमान में लगभग 4 हजार ▶▶|शेष पेज 3 पर



एक साल में करोड़ों के ईनामी 230 से अधिक नक्सलियों को फोर्स ने मार गिराया

### दर्जन भर टॉप मोस्ट नक्सली समेत 400 टॉर्गेट में

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 2026 तक नक्सलवाद के खात्में के डेडलाईन के बाद फोर्स लगातार नक्स्लियों के आधार इलाकों में आपरेशन चला रही है। जल्द ही सेण्ट्रल कमेटी के दर्जन भर नक्सलियों के अलावा डीव्हीसीएम, एसीएम समेत लगभग 4 सौ नक्सलियों को टॉरगेट किया ▶▶|शेष पेज 3 पर



### प्रशासन व सुरक्षाबल की पहुंच बढ़ी



नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई व आपरेशन के चलते प्रशासन व सुरक्षबलों की पहुंच नक्सलियों के आधार इलाकों में बढ़ी है। इन इलाकों में नक्सलियों को खदेड़ने के साथ ही विकास कार्य व मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जल्द ही पूरे इलाके को नक्सलमुक्त कर लिया जाएगा जिसके लिए हम प्रयासरत है।
**- सुंदरराज पी,** आईजी, बस्तर

### 60 हजार जवान तैनात

नक्सल प्रभावित क्षेत्र मानचित्र से कम होने के कई कारण हैं जिसमें नए पुलिस कैम्पों का खुलना और नक्सलियों के खिलाफ कोर एरिया में आपरेशन भी शामिल है। इन नक्सल प्रभावित इलाकों में स्टेट के डीआरजी, बस्तर फाईटर व ▶▶|शेष पेज 3 पर

### देश के 90 जिले नक्सल प्रभावित

प्रदेश के मानचित्र से माओ प्रभावित जिले लगातार कम हो रहे हैं। फोर्स की प्रभावी कार्रवाई से प्रदेश ही नहीं वरन देश से भी नक्सल प्रभावित 90 जिले की सख्या में लगातार कमी देखी जा रही हैं। छग की बात करें तो पूर्व में नक्सल प्रभावित 18 जिले थे जो कम होकर वर्तमान में 16 जिले बचे हैं।

नोट गिनने की मशीन लेकर पहुंची ईडी, भूपेश बोले– 33 लाख ले गए, किसी भी तरह के दस्तावेज नहीं मिले

# शराब घोटाले की जांच भूपेश आवास तक पहुंची, 14 ठिकानों पर छापे, कांग्रेस का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शराब घोटाले की जांच आखिरकार पूर्व सीएम भूपेश बघेल के निवास तक पहुंच गई। ईडी की टीम ने सोमवार की सुबह उनके भिलाई-3 स्थित आवास समेत 14 ठिकानों पर धावा बोल दिया। घंटों पड़ताल चलती रही और बाहर कांग्रेसियों का हंगामा भी जारी रहा। इस दौरान ईडी के अधिकारियों ने भीतर नोट गिनने की मशीन भी मंगवा ली, जिससे कांग्रेसियों का गुस्सा फूट पड़ा। शाम तक चली जांच के बाद अधिकारी सूटकेस लेकर निकल गए। पूर्व सीएम के आवास के आसपास सुबह से तनाव के हालात रहे। सुरक्षा के लिहाज से चार केंद्रीय कंपनियों सहित जिला पुलिस बल भी तैनात रखा गया है। जांच के बाद भूपेश बघेल ने कहा, ईडी के लोग यहां से 33 लाख नगद ले गए हैं, उनको किसी तरह के दस्तावेज नहीं मिले हैं।

सोशल मीडिया एक्स पर भूपेश बघेल ने ईडी की कार्रवाई की पुष्टि करते हुए आरोप भी लगाया है। ईडी की यह कार्रवाई शराब घोटाले से जोड़कर देखी जा रही है। हालांकि कार्रवाई के दौरान कई तरह की चर्चा राजनीतिक हलकों में होती रही। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अलग-अलग टीम सोमवार की सुबह 5 बजे भिलाई-3 पदुमनगर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री और ▶▶|शेष पेज 3 पर





जांच के लिए पहुंचे ईडी के डिप्टी डायरेक्टर संदीप आहूजा की कार पर भीड़ ने हमला किया। पथराव में वे बाल–बाल बचे।

### शराब घोटाले से जुड़ी है दबिश

ईडी शराब घोटाला, महादेव सट्टा, कोल स्कैम सहित कई मामलों की जांच कर रही है। सोमवार की कार्रवाई शराब घोटाले से जुड़ी है। ईडी ने यही बयान दिया है। प्रदेश में 2161 करोड़ के शराब घोटाले में कांग्रेस सरकार के तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने जांच तेज कर दी थी। उसी के परिणाम स्वरूप सोमवार की दबिश ▶▶|शेष पेज 3 पर

## छापे पर सियासी गर्मी

### साय बोले- पिछली सरकार में हुए हैं घोटाले



सीएम विष्णुदेव साय ने भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर ईडी छापे को लेकर कहा, 5 साल की सरकार में तरह-तरह के घोटाले हुए। उसकी जांच सेंट्रल एजेंसियां कर रही हैं। ईडी सेंट्रल एजेंसी है, उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है।

### लंबे समय से चल रही जांच : साव



डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा- इस बात से कोई कैसे इंकार कर सकता है कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में बड़े घोटाले हुए हैं? ईडी की कार्रवाई लंबे समय से चल रही है।

### द्वेषपूर्ण राजनीति लोकतंत्र के लिए खतरा



इधर, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा, पूर्व मुख्यमंत्री एआईसीसी राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के घर पर ईडी की कार्रवाई सत्तारूढ़ भाजपा के राष्ट्रीय चरित्र की द्वेषपूर्ण राजनीति का एक और उदाहरण है।

### जांच एजेंसियों के सहारे भाजपा: बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। 7 साल पुराने झूठे केस को कोर्ट ने खारिज कर दिया, तो अब दुर्भावना से ईडी को मोहरा बना दिया गया।

### भूपेश बोले- 33 लाख का हिसाब दिया जाएगा



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी की टीम के रायपुर रवाना होने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि ईडी को मेरे पास से जो दस्तावेज मिले हैं उसे देखकर ईडी के लोग घबरा गए हैं। मेरे पास ईडी ने मंतूराम पवार से जुड़ी पेन ड्राइव और फाइल देखी है। ईडी के लोग 33 लाख रुपए नगद लेकर गए हैं। घर में रखे सोने, चांदी को देखने के बाद लेकर नहीं गए। श्री बघेल ने बताया कि अलग-अलग नामों से लगभग 140 एकड़ खेती की जमीन है। बड़ा किसान हूं। ईडी द्वारा बरामद की गई राशि बड़ी नहीं है, समय आने पर हिसाब भी दिया जाएगा। श्री बघेल ने कांग्रेस के विधायकों, वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के प्रति समर्थन के लिए आभार जताया है।

### ईडी की टीम शाम को ही रवाना

प्रवर्तन निदेशालय की टीम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पदुमनगर भिलाई-3 निवास से शाम 6:15 बजे करीब लगभग 33 लाख रुपए बरामद कर कुछ दस्तावेज जब्त कर रायपुर के लिए रवाना हो गई। टीम के जाने के बाद भूपेश बघेल ने अपने बंगले के बाहर एकत्रित हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने भूपेश बघेल के पक्ष में जमकर नारेबाजी की।

## ईडी के छापे, सदन में जमकर हंगामा के बाद 14 कांग्रेस विधायक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईडी के छापे को लेकर राज्य में सियासी पारा गर्म है। विधानसभा में ही कांग्रेस विधायकों ने जमकर हंगामा किया, जिस वजह से उनको निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस ने तीखे आरोप लगाए, जिस पर सत्तापक्ष ने जमकर पलटवार किया।

विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी के छापे की भेंट चढ़ गया। कांग्रेस विधायकों ने सदन में हंगामा करते हुए गर्भगृह में नारेबाजी की। नारेबाजी के बीच प्रश्नकाल बाधित रहा। विधानसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस के 14 सदस्यों को इस बीच निलंबित कर दिया। सदन की कार्रवाई 10 मिनट के लिए स्थगित कर ▶▶|शेष पेज 3 पर

### ईडी की कार्रवाई विधानसभा का विषय नहीं : अजय

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इस दौरान कहा, ईडी की कार्रवाई कहीं पर भी हो रही हो, यह विधानसभा का विषय नहीं है। यह राजनीति करने का मंच नहीं है। तब कांग्रेस सदस्यों ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायकों ने भी नारेबाजी कर जवाब दिया।

### कांग्रेस सदस्य गर्भगृह पहुंचे

कांग्रेस सदस्य नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में पहुंच गए। अध्यक्ष ने इस बीच प्रश्न के लिए कांग्रेस सदस्यों का नाम पुकारा। उनके न आने पर 4 नंबर का प्रश्न भाजपा विधायक राजेश मूणत ने किया। नारेबाजी के बीच प्रश्नकाल इस सवाल के जवाब आने तक चला। उसके बाद अध्यक्ष ने कांग्रेस के 14 सदस्यों के निलंबन की कार्रवाई करते हुए सदन से बाहर जाने कहते हुए सदन की कार्रवाई 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

### नेताम-ओपी पहुंचे मनाने, कांग्रेसी नहीं माने

सदन में हुई निलंबन कार्रवाई के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने तुरंत कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई। नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में हुई बैठक में सभी कांग्रेस विधायक मौजूद थे। इस बीच मंत्री रामविचार नेताम और वित्त मंत्री ओपी चौधरी विपक्षी विधायकों को मनाने पहुंचे। उन्होंने कहा, अध्यक्ष ने निलंबन समाप्त कर दिया है। आप सदन की कार्रवाई में भाग लें। कांग्रेस विधायकों ने वापस जाने से मना कर दिया और सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। आपात बैठक के बाद कांग्रेस के विधायक विधानसभा की कार्यवाही छोड़कर भिलाई पहुंचे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एम्स में भर्ती उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य में सुधार

**नई दिल्ली।** दिल्ली एम्स में भर्ती उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हो रहा है।



यह संतोषजनक है।धनखड़ को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद रविवार देर रात करीब दो बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपराष्ट्रपति (73) को एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में 'क्रिटिकल केयर यूनिट' (सीसीयू) में भर्ती कराया गया।

### न्यायमूर्ति बागची बने सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस

**नई दिल्ली।** कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची को सुप्रीम कोर्ट



का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम ने छह मार्च को उनके नाम की सिफारिश की थी। उनकी नियुक्ति की घोषणा विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'एक्स' पर की। न्यायमूर्ति बागची का शीर्ष अदालत में कार्यकाल छह वर्ष से अधिक का होगा।

छत्तीसगढ़ झारखंड में शोक का माहौल

## पटाखा दुकान में आग, जहरीले धुएं से दम घुटा, पांच की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ और झारखण्ड की सीमा पर ग्राम गोदारमाना में सोमवार की भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। नगर सीमा से लगे गोदरमाना स्थित पटाखा दुकान में आग लगने के बाद तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। दुकान संचालक समेत अन्य लोग बचने के लिए बगल में मौजूद गोदाम में जाकर छिप गए थे लेकिन इस दौरान जहरीला धुंआ के कारण सभी का दम घुट गया। तीन बच्चों समेत पांच लोगों को उपचार के लिए तत्काल रामानुजगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ▶▶|शेष पेज 3 पर





*बचने के लिए छिप गए थे बगल के गोदाम में, मरने वालों में संचालक के साथ एक बच्ची भी शामिल*







### इनकी हुई मौत

इस हादसे में आयुष कुमार केसरी (8), पीयूष केसरी (7), सुशीला केरकेट्टा (14) एवं 45 वर्षीय अजीत केसरी और दुकान संचालक 46 वर्षीय कुश कुमार गुप्ता की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

शौचालय में मिला पत्र

## बम की सूचना पर न्यूयॉर्क जा रहा विमान मुंबई लौटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की एक उड़ान में बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद इसे सोमवार को हवाईअड्डे पर वापस लाया गया। विमान के शौचालय में बम रखे होने की सूचना देने वाला पत्र मिला। विमान में 320 से अधिक लोग सवार थे और यह सुरक्षित रूप से मुंबई में उतर गया। सुरक्षा एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। सहार पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक यात्री ने शौचालय के अंदर विमान में बम है संदेश लिखा पत्र देखा और चालक दल को इसकी सूचना दी।

### विमान में 322 लोग थे सवार

बोइंग 777-300 ईआर विमान में चालक दल के 19 सदस्यों सहित 322 लोग सवार थे। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, आज 10 मार्च 2025 को मुंबई-न्यूयॉर्क (जेएफके) उड़ान एआई 119 में संभावित सुरक्षा खतरे का पता चला।

## तीन बार डाउन हुआ एक्स मस्क बोले– साइबर अटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलॉन मस्क माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' दुनियाभर में फिर से डाउन हो गया है। सोमवार को यह तीसरी बार है कि एक्स ठप पड़ा हो, जिस वजह से यूजर्स लॉग-इन करने में असमर्थ रहे। डाउन डिटेक्टर वेबसाइट पर कई यूजर्स ने शिकायत दर्ज की है। डाउन डिटेक्टर वेबसाइट के अनुसार, पहली बार दिक्कत शाम 3:30 बजे आई। फिर शाम 7 बजे लोगों को लॉग-इन करने में भी समस्याएं आने लगी। तीसरी बार शाम को 8:44 बजे फिर से एक्स डाउन हो गया।

कई यूजर्स ने दर्ज की शिकायत



### बहुत बड़ा साइबर हमला

एलॉन मस्क ने एक्स के डाउन पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट किया है। मस्क ने लिखा कि हमारे खिलाफ बहुत बड़ा साइबर हमला हुआ था। (अभी भी रो रहा है) हमारे पर बहुत सारे संसाधनों के साथ साइबर अटैक किया गया था। इस हमले में कोई बड़ा समूह या देश शामिल है। वर्तमान में, एक्स ने इस मुद्दे को स्वीकार नहीं किया है। यूजर्स लगातार समस्याओं की रिपोर्ट कर रहे हैं।

सभापति चुनाव, उद्योग मंत्री देवांगन को भी नोटिस

## भाजपा ने दे दिया अपने ही मंत्री को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

खास खबर

नगर पालिक निगम कोरबा के सभापति चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ने एवं जीत हासिल करने वाले भाजपा पार्षद नूतन सिंह ठाकुर के पक्ष में मीडिया में बयान देने के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन को नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा है।

प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा द्वारा जारी किए गए इस नोटिस में श्री देवांगन के बयान को अनुशासन भंग करने की परिधि में मानते हुए नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को नगर पालिक निगम कोरबा के ▶▶|शेष पेज 3 पर

- सभापति चुनाव के बाद उद्योग मंत्री के मीडिया में दिए गए बयान को आधार बनाकर जारी किया गया नोटिस



### 48 घंटे में मांगा जवाब

इस मामले को लेकर सोमवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा ने श्री देवांगन को नोटिस जारी कर मीडिया मे दिए गए उनके उपरोक्त बयान को अनुशासनहीनता की परिधि में मानते हुए 48 घंटे के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### तय समय में रखूंगा पक्ष

इस संबंध में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन का कहना है कि उन्हें पार्टी का नोटिस मिला है। नोटिस में उनसे यह कहा गया है कि नगर पालिक निगम कोरबा में सभापति निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद आपके द्वारा मीडिया में जो बयान दिया गया है कि वह अनुशासन भंग करने की परिधि में आता है। मुझे 48 घंटे का समय अपना पक्ष रखने के लिए पार्टी ने दिया है। मैं तय समय में पार्टी के समक्ष अपना पक्ष रखूंगा।





# दुनिया की सबसे खूंखार जनजाति, इंसानों की हत्या करना मानते हैं मर्दानगी

अदीस अबाबा। दुनिया में कई खतरनाक और रहस्यमयी जनजातियां मिलती हैं। इनके बारे में बहुत लोग जानते हैं। इन जनजातियों को उनकी परंपराओं, रहन-सहन और खान-पान के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। एक तरफ लोग आधुनिक युग में अपनी परंपराओं को भूलते जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ यह आदिवासी प्रजातियां अभी भी हजारों साल पुरानी अपनी परंपराओं का पालन करती हैं। यह जनजातियां जहां पर रहती हैं वहां इनका अधिकार होता है। इनके अधिकारों में सरकारें भी दखल नहीं देती हैं।

## अजीबोगरीब रस्मों-रिवाजों का करती है पालन



मुर्सी जनजाति के लोगों के पास ऐसे खतरनाक हथियार होते हैं जिनसे वह किसी की भी पलभर में हत्या कर सकते हैं। इसकी वजह से मुर्सी जनजाति को बेहद खतरनाक माना जाता है। मुर्सी जनजाति अजीबोगरीब रस्मों रिवाजों का पालन करती है, जिसके लिए भी उसे दुनियाभर में जाना जाता है। इस जनजाति में महिलाओं के नीचे के होंठ में बॉडी मॉडिफिकेशन प्रक्रिया के तहत लकड़ी या मिट्टी की डिस्क पहनाई जाती है। यह उन्हें बुरी नजर से बचाने के लिए किया जाता है। जनजाति के लोग मानते हैं कि इससे महिलाओं की सुंदरता कम हो जाती है और वह कम आकर्षक लगती हैं।



### 10 हजार है मुर्सी समुदाय की आबादी

मुर्सी समुदाय की आबादी करीब 10 हजार है। जनजाति के लोगों का मानना है कि किसी दूसरे को मारे बिना जिंदा रहने का कोई मतलब नहीं है। उनका कहना है कि इससे अच्छा है कि खुद मर जाएं। मुर्सी जनजाति के लोग अभी तक सैकड़ों लोगों की हत्या कर चुके हैं। अगर कोई व्यक्ति इनकी इजाजत के बिना इनके इलाके और समुदाय की तरफ चला जाता है, तो उसको ये लोग मार देते हैं।

### हिंसक व्यवहार की वजह से अक्सर होती है चर्चा

इस जनजाति की इसके हिंसक व्यवहार की वजह से अक्सर चर्चा होती है। हिसंक व्यवहार के कारण ही इथियोपिया की सरकार ने मुर्सी जनजाति से संपर्क करने पर बैन लगाया है। अगर कोई विदेशी व्यक्ति या राष्ट्र प्रमुख सरकारी मेहमान के तौर पर इथियोपिया जाता है और मुर्सी जनजाति को देखने की इच्छा जताता है, तो सरकार उसे आर्म्ड गार्ड के सुरक्षा घेरे में लेकर जनजातीय क्षेत्र का दौरा कराती है ताकि उन पर किसी तरह का हमला न किया जा सके।

## रोचक खबरें



### 36 लड़कों की बनी प्रेमिका, दिखाए मीठे-मीठे सपने, फ्लैट खरीदते हो जाती थी 'चंपत'

**बीजिंग।** आजकल डेटिंग प्लेटफॉर्म्स के ज़रिये लोगों के लिए मैच मिलना जितना आसान हो गया है, उतना ही इसमें फ्रॉड का डर भी होता है। पड़ोसी देश चीन से ऐसे ही एक फ्रॉड का केस सामने आया तो लोगों को यकीन ही नहीं हुआ। यहां रहने वाली एक लड़की ने एक-दो नहीं, बल्कि कुल 36 मर्दों को अपनी शातिर दिमागी का निशाना बनाया। मज़े की बात तो ये है कि ये सारे प्रेमी एक ही शहर के थे, लेकिन उन्हें खबर ही नहीं हुई कि वे बेवकूफ बन रहे हैं। आपने डेटिंग में फ्रॉड के कई किस्से सुने होंगे, लेकिन ये कुछ अलग ही है। यहां पर लड़की ने किसी कोई पैसे नहीं ऐंठे , बल्कि उनसे घर खरीदवाकर चलती बनी। लड़की ने इन सभी से डेट करने का नाटक किया और फिर इन्हें फ्लैट खरीदकर घर बसाने का लालच देकर अचानक गायब हो गई। ये पूरा मामला ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफॉर्म के ज़रिये हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक 36 पीड़ितों में से एक जो आताओ ने खुलासा किया कि मार्च, 2024 में एक ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफॉर्म के ज़रिये डेटिंग शुरू की थी। उसे लड़की सीधी-सादी और घरेलू लगी। उसने बताया कि वो शेंजेन में एक ई-कॉमर्स कंपनी में काम करती है। दोनों ने 1 महीने की डेटिंग के बाद शादी की बातचीत की और घर खरीदने के लिए मनाया।

### आइसक्रीम से निकल रहे सांप देखने वालों के भी उड़ गए होश

**बैंकाक।** कई बार हम लोगों के सामने इस तरह की खबरें सामने आ जाती है, जिसको देखने के बाद लोग हैरान रह जाते हैं। अब ये बात तो हम सभी जानते हैं कि कई बार गलती के कारण खाने में आपत्तिजनक सामान लोगों को देखने के लिए मिल जाते हैं। जिसकी हम सभी ने कभी कल्पना भी नहीं की होती है। ऐसा ही एक मामला इन दिनों थाइलैंड से सामने आया है। जहां एक बंदे को आइक्रीम खाने के दौरान उसमें मरा हुआ एक सांप मिला और फिर उस आइक्रीम को देखने के बाद उसकी हालत खराब हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये घटना थाईलैंड के मुएंग रत्चबुरी क्षेत्र की है, यहां रेबन नक्लेनगबून नाम का एक बंदे ने जब आइसक्रीम खरीदी तो उसे उसमें एक काले और पीले रंग का सांप दिखाई दिया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए उसने तुरंत इसकी फोटो ली और सोशल मीडिया पर शेयर किया, जो लोगों के बीच आते ही वायरल हो गया। नाकलेंगबून ने थाई में लिखते हुए फोटो शेयर की और लिखा कि इतनी बड़ी आंखें! क्या ये सांप सच में मर चुका है, ब्लैक बीन सड़क विक्रेता, असली तस्वीर क्योंकि मैंने इसे खुद खरीदा है। उसके द्वारा शेयर की गई तस्वीर में आप देख सकते हैं कि आइसक्रीम में एक काले और पीले रंग का सांप जमा हुआ था। इस फोटो को देखने के बाद लोगों का ये कहना है कि यह हल्का जहरीला गोल्डन ट्री स्नेक जो आमतौर पर थाइलैंड में लोगों को देखने के लिए मिल जाते हैं।



### जादू-टोने का मक्का है ये द्वीप, हर जगह हैं आत्माएं दूर-दूर से इलाज करवाने आते हैं लोग!

**मनीला।** दुनिया में ऐसी बहुत सी जगहें हैं जिन्हें भूतों का घर या भूतों का अड्डा तक माना जाता है। कुछ शहर तो भूतहा शहरों के नाम से भी जाने जाते हैं। पर क्या आपने ऐसी जगह केबारे में सुना है जिसे जादू-टोना के मक्का के नाम से जाना जाता है। लोग यहां इलाज के लिए आते हैं तो कुछ लोग अपने पूर्वजों से बातचीत करने के लिए आते हैं। सिकिउजोर की अपनी जन्नत जैसी कुदरती खूबसूरती है। लेकिन, यहां भूत प्रेत, जादू टोने से हर रोग का इलाज आदि दुनिया में ज्यादा मशहूर है और यहां लोग दूर -दूर से अपना इलाज कराने आते हैं। कुदरती सुंदरता होने के बावजूद यहां पर टूरिज्म बहुत फला फूला नहीं है। आसापास के द्वीपों से लोग यहां आने से घबराते हैं। हाल ही में स्पेनिश इन्फ्लूएंसर रूबेन होलगादो यहां के एक पुराने रिसॉर्ट में मेहमान बन कर आए तो उन्होंने पाया कि रेनोवेशन से गुजर रहे इस रिसॉर्ट में वे अकेले मेहमान थे. रिसॉर्ट एक महल की तरह तो बहुत बड़ा था, लेकिन उसमें कुछ था नहीं। टिकटॉक पर उनके वीडियो खास वायरल हुए हैं। यहां के लोगों को आत्माओं और भूत प्रेत में सहज विश्वास है। यहां के लोकल गइड लुईस नाथनियल बोरोंगन कहा कहना है कि सिकिउजोर में बुरी आत्माएं हर जगह पर हैं। वे झरनों, जंगलों और समुंदरों तक में हैं। अगर उन्हें छेड़ा गया तो वे बीमारी, शाप यहां तक मार कर भी बदल लेती हैं। लेकिन, यह केवल मान्यता तक ही सीमित नहीं है।



# चंद्रमा की अंदरुनी परतें कैसी हैं? वैज्ञानिकों ने सुलझाया कोर का रहस्य

वॉशिंगटन। क्या चंद्रमा का कोर ठोस है या पिघला हुआ? वैज्ञानिक इस सवाल पर दशकों से रिसर्च कर रहे थे। अब, एक नई स्टडी से इस सवाल का जवाब मिल गया है। इस शोध के मुताबिक, चंद्रमा का आंतरिक कोर ठोस है और इसकी घनत्व लोहे के समान है। फ्रेंच नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के खगोलशास्त्री आर्थर ब्रियॉड की अगुआई में एक रिसर्च टीम ने चंद्रमा की इंटरनल स्ट्रक्चर का स्टडी किया। इतना ही नहीं, उन्होंने अंतरिक्ष मिशनों से मिले डेटा और चंद्र लेजर रेंजिंग प्रयोगों का इस्तेमाल करके चंद्रमा के मॉडल तैयार किए। आखिर में इस स्टडी से चंद्रमा के इतिहास और पूरे सौर मंडल के विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं।

### चंद्रमा की आंतरिक संरचना का अध्ययन कैसे हुआ?



भूकंपीय डेटा ग्रहों और चंद्रमा जैसे खगोलीय पिंडों के आंतरिक ढांचे को समझने का सबसे इफेक्टिव तरीका है। जबकि इससे पहले अपोलो मिशन के भूकंपीय डेटा से पता चला था कि चंद्रमा के कोर में एक तरल बाहरी परत मौजूद है, लेकिन यह साफ नहीं था कि इसका आंतरिक कोर ठोस है या पिघला हुआ। इसे समझने के लिए, ब्रियॉड की टीम ने चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण विकृति पृथ्वी से इसकी दूरी में होने वाले बदलावों और घनत्व संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण किया। उनके मॉडल से यह पुष्टि हुई कि चंद्रमा की संरचना पृथ्वी के कोर जैसी ही है, जिसमें एक बाहरी तरल परत और एक ठोस आंतरिक कोर शामिल है।

### चंद्रमा के कोर की विशेषताएं

इस स्टडी के मुताबिक, चंद्रमा के बाहरी कोर का व्यास करीब 362 किलोमीटर (225 मील) है, जबकि आंतरिक ठोस कोर का डायमीटर 258 किलोमीटर (160 मील) है। इसका मतलब है कि आंतरिक कोर चंद्रमा के कुल व्यास का लगभग 15% हिस्सा बनाता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, आंतरिक कोर की घनत्व 7,822 किलोग्राम प्रति घन मीटर पाई गई, जो कि लोहे के घनत्व के बहुत करीब है।






### पहले के शोध से समानताएं

दिलचस्प बात यह है कि यह नया स्टडी 2011 में नासा के वैज्ञानिक रेनी वेबर द्वारा किए गए शोध से मेल खाता है। वेबर के अध्ययन में भी यह सुझाव दिया गया था कि चंद्रमा का आंतरिक कोर ठोस है और इसकी संरचना लोहे जैसी ही है। हालांकि, ब्रियॉड के शोध ने चंद्रमा के कोर को पृथ्वी के कोर के समान मानते हुए इस तर्क को और मजबूत किया।



### चंद्रमा के चुंबकीय क्षेत्र का रहस्य

वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा का चुंबकीय क्षेत्र कभी बहुत मजबूत था, लेकिन यह करीब 3.2 अरब साल पहले कमजोर होने लगा। आमतौर पर, चुंबकीय क्षेत्र कोर के भीतर होने वाली संवहन प्रक्रिया से उत्पन्न होते हैं। इसलिए, चंद्रमा के कोर की संरचना को समझने से यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि उसका चुंबकीय क्षेत्र क्यों खत्म हो गया। यह स्टडी न केवल चंद्रमा के आंतरिक रहस्यों को उजागर करता है, बल्कि सौर मंडल के इतिहास को भी समझने में मदद कर सकता है।

# ऊनी मैमथ बनाते वैज्ञानिकों ने कर डाला धमाल, बना लिया ऊनी चूहा

**लंदन।** ऊनी मैमथ ऐसे जानवर थे जो हिम युग के दौर में उत्तरी एशिया और साइबेरिया के बर्फिले इलाकों में पाए जाते थे. ऊन जैसे बालों से भरे ये विशालकाय हाथी आज अस्तित्व में नहीं हैं। लेकिन वैज्ञानिक आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इन्हें फिर से जिंदा करने की कोशिश में हैं। इस दिशा में एक अभूतपूर्व सफलता के तहत वैज्ञानिकों ने एक 'ऊनी चूहा' विकसित किया है। खास बात ये है कि ऐसा चूहा अब तक को दुनिया के किसी भी युग में अस्तित्व में ही नहीं था।



### खत्म हो चुके मैमथ को जिंदा करने की कोशिश

ऊनी मैमथ आज से 2 लाख से लेकर 4 हजार साल पहले तक प्लेइसटोसीन युग में पृथ्वी पर रहा करते थे। इसके बाद में वे विलुप्त हो चुकी प्रजाति के तौर पर ही जाने जाते हैं। कोलोसोल बायोसाइंस के वैज्ञानिक डीएनए और जीन एडिटिंग तकनीकों के जरिए मैमथ को फिर से जिंदा करना चाहते हैं। इसी प्रयास के एक पड़ाव के तौर पर उन्होंने ऊनी चूहों को बनाने में सफलता हासिल की है।

### कैसे दिखते हैं ये चूहे

ऊनी चूहों के आम चूहों की तुलना में तीन गुना ज्यादा लंबे बाल हैं और साथ ही उनकी मूंछे घुमावदार हैं। कोलोसल बायोसाइंस का कहना है कि यह वैज्ञानिकों के ऊनी मैमथ को वापस लाने के अंतिम लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वैज्ञानिकों ने बताया कि उन्हें साधारण चूहे के भ्रूण में केवल 7 जीन्स की एडिटिंग करनी पड़ी जिसके बाद वे ऊनी चूहे को हासिल कर सके।






### खास तरह के ऊनी बाल

वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला की चूहों के बालों की लम्बाई, मोटाई, संरचना, रंग और शरीर के फैट से मिलते जुलते 10 डीएनए वेरिएंट की पहचान की और उनमें बदलाव कर चूहों में ऊनी बाल हासिल किए। लेकिन, वैज्ञानिक अभी यह निश्चित तौर पर नहीं बता पाए हैं कि ये ऊनी बाल चूहों को ठंड से बचाने में कितने कारगर होंगे।

वैज्ञानिक पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि वे मैमथ को धरती पर फिर से जिंदा करने की कवायद में लगे हैं। इस फैसले ने दुनिया भर में एक बहस छोड़ दी है कि क्या विलुप्त हो चुके जानवर को फिर से जिंदा करना, कुदरत से छोड़छाड़ नहीं होगी। इसके कोशिश के आलोचकों का कहना है कि इनके वापस आने से पर्यावरण को खतरा होगा।

## तेजी से पिघल रही है अंटार्कटिका की बर्फ



### समुद्र में आएगा भूचाल, धरती पर बसने लगेंगे समुद्री जीव!

**वॉशिंगटन।** एक नए स्टडी में दावा किया गया है कि अंटार्कटिका में बर्फ के पिघलने की वजह से दुनिया की सबसे शक्तिशाली महासागर धारा की गति धीमी हो सकती है। ऐसा अंटार्कटिका की बर्फ की चादरों के पिघलकर उसमें ताजा पानी भरने के कारण हो सकता है। 3 मार्च 2025 को 'एनवायर्नमेंटल रिसर्च लेटर्स' मैग्जीन में छपी एक स्टडी के नतीजों में इसका दावा किया गया है। स्टडी के मुताबिक अंटार्कटिका की बर्फ की चादरें पिघलने से 'अंटार्कटिक सर्कमपोलर करंट' नाम की महासागर धारा में बड़ी मात्रा में ताजा पानी जाएगा।

**वातावरण में हो सकते हैं गंभीर परिणाम** : वैज्ञानिकों ने ऑस्ट्रेलिया के सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटरों में से एक का इस्तेमाल करके यह पता लगाया कि आखिर बर्फ के पिघलने का इस धारा पर क्या असर पड़ सकता है। यह धारा ग्लोबल क्लाइमेट सिस्टम में एक बड़ी भूमिका निभाती है। वैज्ञानिकों ने पाया कि अगले 25 सालों में अगर जीवाश्म ईंधनों का उत्सर्जन बढ़ा तो इससे इस धारा की गति करीब 20 प्रतिशत तक गिर सकती है। इसके वातावरण में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



## ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेज़न का वाउचर देने की बात कहकर भरोसा जीता

# एक हज़ार रुपए के फ्री गिफ्ट वाउचर के चक्कर में गंवा दिए 51 लाख

नई दिल्ली। दिल्ली के पास ग्रेटर नोएडा में अमेज़न गिफ्ट वाउचर के नाम पर साइबर फ्रॉड हुआ है। इस फ्रॉड में एक महिला ने 51 लाख रुपए गंवा दिए। ग्रेटर नोएडा में रहने वाले मीनू रानी को अज्ञात लोगों ने सबसे पहले वाट्सऐप ग्रुप में शामिल किया। इसके बाद वाट्सऐप ग्रुप में महिला के साथ यह वाउचर शेयर किया गया। इसी ग्रुप में मुफ्त में ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेज़न का वाउचर देने की बात कहकर उनका भरोसा जीता गया। इसके बाद उनसे 51 लाख रुपए की ठगी की गई। धोखा देने वालों ने पूंजी निवेश से फ़ायदा दिखाने के लिए एक फर्जी ऐप का इस्तेमाल किया और पीड़ति महिला को और पैसे लगाने का लालच दिया। पुलिस के अनुसार मीनू रानी के मामले में यह ऑनलाइन फ्रॉड उस समय सामने आया जब उन्होंने पूंजी निवेश के लिए अपने रिश्तेदारों से और कर्ज मांगा। मीनू रानी ने जब एक ऐसे ही अपने जानकार से उधार के लिए संपर्क किया तो उन्होंने ऐसे धोखा देने वाली स्कीम की बारे में मीनू को पूरी जानकारी दी।



### पांच गुना मुनाफा का दिया लालच

इससे मीनू रानी का भरोसा हरि सिंह और उनके व्हाट्सऐप ग्रुप पर और बढ़ गया।इसके बाद इन ठगों ने स्टॉक मार्केट में पैसा लगाकर एक महीने में तीन से पांच गुना मुनाफ़ा कमाने का लालच दिया। जालसाज हरि सिंह ने मीनू रानी से शुरू में पचास हज़ार रुपए शेयर मार्केट में लगाने को कहा। जब उन्होंने दिए गए अकाउंट में पैसे ट्रांसफ़र कर दिए तो उन्हें एक ऐप में उनका 'मुनाफ़ा' दिखाया गया। इसके बाद उस ठग ने उन्हें उसे डाउनलोड करने को कहा। ऐप पर मुनाफ़ा दिखाए जाने के बाद मीनू को और पैसा लगाने और अपने घर के दूसरों लोगों के फ्रॉड इसमें लगाने का ख्याल आया। मीनू ने इस निवेश योजना पर भरोसा करते हुए अपने पति, सास और दूसरे रिश्तेदारों से स्कीम में पैसा लगाने के लिए उधार लिए।

### कैसे हुआ यह फ्रॉड?

फ्रॉड की शुरुआत उस समय हुई जब पीड़ित महिला मीनू रानी को हरि सिंह नाम के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर संपर्क किया। हरि सिंह ने अपना परिचय 15 साल के अनुभवी इन्वेस्टमेंट गाइड के तौर पर दिया। इसके बाद मीनू रानी से बातचीत कर उन्हें एक व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल होने के लिए तैयार किया गया। मीनू ने बताया कि इस ग्रुप में लोग बाज़ार में पैसा लगाने के कामयाब तौर तरीकों के बारे में चर्चा करते हैं। मीनू रानी शेयर बाजार से ज़यादा मुनाफ़ा कमाने के लालच में हरि सिंह के झांसे में आकर व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल हो गईं। कुछ समय के बाद वाट्सऐप ग्रुप में उनका संपर्क आरती सिंह से हुआ। आरती ने उन्हें बताया कि हरि सिंह ने हर महिला सदस्य की इन्वेस्टमेंट में मदद करने के लिए एक हज़ार रुपए के अमेज़न गिफ्ट वाउचर ख़रीदे हैं। आरती ने मीनू को बताया कि यह गिफ़्ट वाउचर हासिल करने के लिए वह (मीनू) अपने अमेज़न अकाउंट को लॉगिन करें। मीनू ने ऐसा ही किया और उसे अपने अमेज़न अकाउंट के बैलेंस में एक हज़ार रुपए जमा मिले।

रायपुर
मंगलवार 11 मार्च 2025
फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 23, अंक : 234
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 36.5
न्यून. 22.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

04
आईफा में रही 'लापता लेडीज' की धूम...



विचार पेज
02 प्रदूषित नदियों पर सियासत नहीं....

# परमाणु ऊर्जा से भी बनेगी बिजली, छत्तीसगढ़ में नई क्रांति, 3 लाख करोड़ का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पहले से ही बिजली के मामले में सरप्लस है। इसी के साथ प्रदेश में निजी क्षेत्र के उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में नंबर वन है। छत्तीसगढ़ अब ऊर्जा क्रांति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को रायपुर में हुए 'छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट' में कई बड़ी कंपनियों ने 3 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का ऐलान किया है। इस निवेश से राज्य में परमाणु, थर्मल, सौर और पंप स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में बिजली उत्पादन के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। इससे न केवल उद्योगों को फायदा मिलेगा, बल्कि आम लोगों को भी सस्ती और निरंतर बिजली मिल सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है, छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में ▶▶|शेष पेज 3 पर

खास खबर

## छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट में अदाणी, जिंदल और एनटीपीसी समेत कई कंपनियों ने किया निवेश का ऐलान

### अदाणी ग्रुप करेगा 66 हजार करोड़ का निवेश

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी ने 80 हजार करोड़ रुपए की लागत से 4200 मेगावाट क्षमता का न्यूक्लियर पॉवर प्रोजेक्ट लगाने की ▶▶|शेष पेज 3 पर



### सौर ऊर्जा से बनेगी 675 मेगावाट बिजली

किसानों के लिए भी खुशखबरी है। पीएम कुसुम योजना के तहत 4100 करोड़ रुपए की लागत से 675 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन किया जाएगा और 20 हजार सोलर पंप लगाए जाएंगे। इससे किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती बिजली मिलेगी और डीजल पंपों की जरूरत कम होगी। इसके अलावा, 57046 करोड़ रुपए की लागत से 8700 मेगावाट क्षमता के पंप ▶▶|शेष पेज 3 पर

### प्रमुख निवेश और योजनाएं

- राज्य की ताप विद्युत क्षमता को मजबूत करने के लिए 1,07,840 करोड़।
- सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए 10,000 करोड़।
- सौर ऊर्जा विस्तार के लिए 3,200 करोड़।
- पीएम सूर्य योजना : राष्ट्रीय सौर छत परियोजना के तहत 6,000 करोड़।
- सरकारी इमारतों में सौर ऊर्जा अपनाने के लिए 2,500 करोड़।
- ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 2,600 करोड़।
- बिजली पारेषण नेटवर्क को उन्नत करने के लिए 17,000 करोड़।
- आरडीएसएस वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 10,800 करोड़।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने नियुक्त करें शिक्षक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या 28 मार्च तक अधिसूचित करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि 2021 के उसके (शीर्ष अदालत के) फैसले के बावजूद किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने ऐसे स्वीकृत पदों पर नियुक्तियां नहीं कीं।

### अफसर का सहयोगी रिश्वत लेते गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एसीबी ने जीएसटी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के एक सहयोगी को कथित तौर पर उसकी तरफ से 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने रविवार को मुंबई के अंधेरी इलाके के एक होटल में जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार 5 की मौत



**बस्ती।** बस्ती नगर में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना सुबह करीब सात बजे शहर थाना क्षेत्र के गोटवा टाटा एजेंसी के पास हुई। बस्ती से अयोध्या की ओर जा रहा एक ट्रक अचानक लेन बदलने से विपरीत दिशा से आ रही एक कार से टकरा गया।

### सैम पित्रोदा पर कर्नाटक में एफआईआर दर्ज



**बेंगलुरु।** राहुल गांधी के करीबी और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के खिलाफ सोमवार को कर्नाटक में एफआईआर दर्ज हुई। उनके एनजीओ फाउंडेशन फॉर रिवाइटेलाइजेशन ऑफ लोकल हेल्थ ट्रेडिशन पर वन विभाग की जमीन कब्जा करने का आरोप है। भाजपा की शिकायत पर पित्रोदा, उनके एनजीओ के एक साथी, वन विभाग के 4 अफसर और एक रिटायर्ड आईएएस अफसर पर केस दर्ज हुआ है।

### प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 12 उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिनों के भीतर विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े कम से कम 12 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इंफाल पश्चिम के लांगोल टाइप-2 क्षेत्र से शनिवार को प्रतिबंधित 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

## फिल्मी स्टाइल में लूट, दिनदहाड़े बड़ी वारदात

# तनिष्क में डाका, सशस्त्र बदमाशों ने की आधे घंटे लूटपाट, ले उड़े 25 करोड़ के आभूषण

एजेंसी ▶▶| पटना

*बिहार के आरा में अपराधियों ने दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम दिया। शहर के गोपाली चौक स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम से करीब 25 करोड़ रुपए के गहने लूटकर अपराधी फरार हो गए। 8-10 की संख्या में आए बदमाशों ने 30 मिनट तक तांडव मचाया और शोरूम में मौजूद कर्मचारियों को बंधक बनाकर लूटपाट की।*

बिहार में भोजपुर जिले के आरा शहर में सोमवार को दिल दहला देने वाली लूट की वारदात सामने आई है। लुटेरे एक-एक स्टॉल से ज्वेलरी समेटते रहे, लेकिन महज 600 मीटर दूर मौजूद नगर थाना पुलिस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। यह घटना न सिर्फ भोजपुर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है, बल्कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था की पोल भी खोल देती है।

- आठ से नौ की संख्या में आए हथियारबंद बदमाश

जानकारी के मुताबिक, घटना नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम की है। चश्मदीदों के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे दो-दो की संख्या में अपराधी शोरूम के भीतर प्रवेश करते गए। जैसे ही सभी अंदर इकट्ठा हो गए, उन्होंने अपने चेहरे पर मास्क पहन हथियार निकाल लिए और पूरे स्टाफ को कब्जे में ले लिया। इसके बाद स्टॉल-दर-स्टॉल कीमती ज्वेलरी को बड़े बैगों में भरना शुरू कर दिया।

### अपराधियों ने मोबाइल छीनकर बनाया बंधक

शोरूम के स्टोर मैनेजर ने बताया कि अपराधी अंदर आते ही स्टाफ और ग्राहकों को बंधक बना लिया। सबके मोबाइल फोन छीन लिए गए और फिर एक-एक कर सभी स्टॉल से ज्वेलरी लूट ली गई। जो कुछ भी शोरूम में मौजूद था, अपराधी अपने साथ लेकर फरार हो गए।











### पुलिस को कॉल किया, पर नहीं मिली मदद

शोरूम में काम करने वाली सेल्स गर्ल सिमरन ने बताया कि जैसे ही अपराधी अंदर आए, उन्हें शक हो गया कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने छिपकर डायल 112 पर कॉल किया। एक बार कॉल रिसीव भी हुआ और बताया गया कि पुलिस गाड़ी आ रही है, लेकिन आधे घंटे तक कोई पुलिस नहीं पहुंची। सिमरन ने बताया कि उन्होंने करीब 25 से 30 बार कॉल किया, लेकिन किसी कॉल का जवाब नहीं मिला और लुटेरे लूटपाट कर आराम से निकल गए।

### पुलिस ने माना बड़ी सुरक्षा चूक

घटना के बाद भोजपुर एसपी राज ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पांच से छह अपराधी शोरूम में लूटकांड को अंजाम देने में शामिल थे। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन कर दिया गया है। उन्होंने माना कि यह सुरक्षा के लिहाज से बहुत बड़ी चूक है।

### एनकाउंटर में दो आरोपी घायल, दो बैग ज्वेलरी मिली

पुलिस को जैसे ही जानकारी लगी कि लूटपाट के बाद अपराधी छपरा की ओर भागे हैं तो उसने उस मार्ग पर नाकेबंदी की। इसी दौरान डकैतों को आता देख पुलिस ने मोर्चा संभाला लेकिन डकैतों ने भागने का प्रयास किया। तब पुलिस ने गोली चलाई जिसमें दो आरोपी सारण के दिघवारा निवासी विशाल गुप्ता और सोनपुर सेमरा निवासी कुणाल राय घायल हुए। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्तौल, 10 कारतूस, दो बड़े बैग में रखे तनिष्क शोरूम से लूटे गए आभूषण और बाइक भी बरामद की है।

# अदालत में रो पड़ी रान्या, कहा- मुझे टॉर्चर किया जा रहा



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार कन्नड अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या उर्फ रान्या राव को सोमवार को आर्थिक अपराधों की एक विशेष अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अभिनेत्री पूछताछ के लिए तीन दिनों तक राजस्व आसूचना निदेशालय की हिरासत में थीं। डीआरआई अधिकारियों ने सोमवार को उन्हें अदालत में पेश किया जहां वह रो पड़ी। डीआरआई ने कहा कि उसने यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रान्या राव से 12.56 करोड़ रुपए मूल्य की सोने की बिस्किट जब्त कीं।

### भाजपा ने लगाया आरोप

भाजपा ने रान्या को बचाने में एक प्रभावशाली मंत्री की संलिप्तता का आरोप लगाया है भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि हाल के दिनों में सबसे बड़ी सोने की तस्करी में सिद्धारमैया की सरकार के एक प्रमुख मंत्री की संलिप्तता को लेकर मीडिया में आई खबरों को लेकर आश्चर्य की बात नहीं हैं। खासकर इस सरकार के तेजी से बढ़ते 'नवीन' तरीकों से घोटाले करने के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए।

### कोर्ट ने पूछा- क्या यातनाएं दी गईं

कोर्ट ने पूछा कि क्या उन्हें शारीरिक यातनाएं दी गईं तो उन्होंने जवाब दिया कि कोई शारीरिक यातना नहीं दी गई बल्कि मुझे गालियां दी गई और धमकाया गया। मैं सदमे में हूं और भावनात्मक रूप से बहुत टूट गई हूं। इस पर डीआरआई की ओर से कोर्ट में कहा गया कि पूरी प्रक्रिया को सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड किया गया है। कोर्ट ने इसे पेश करने को कहा है।

## बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन ही हंगामा

# संसद में गूंजा वोटर लिस्ट का मुद्दा राहुल बोले- देश में उठ रहे सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हुआ और पहले ही दिन जोरदार हंगामा देखने को मिला। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा सदन में उठाया और इस पर सदन में चर्चा की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा, मैं इस बात से सहमत हूं कि मतदाता सूची सरकार नहीं बनाती, लेकिन पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, पूरा विपक्ष यह मांग कर रहा है कि मतदाता सूची पर चर्चा हो जाए।

बाद में राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, पूरा विपक्ष संसद में मतदाता सूची पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र की मतदाता सूची में गड़बड़ियों को लेकर मेरे संवाददाता सम्मेलन को एक महीने से अधिक हो गया है।

### प्रियंका ने भी उठाए सवाल

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हर चुनाव में जिस तरह मतदाता सूची की धांधली की खबरें सामने आती हैं। वह हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है। संसद में पूरा विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची पर विस्तृत चर्चा हो। लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए यह चर्चा बहुत जरूरी है। सरकार को जिद छोड़कर यह चर्चा करवानी चाहिए।'

### कांग्रेस ने राज्यसभा से किया वॉकआउट

कांग्रेस सांसद अजय माकन ने कहा, कांग्रेस और टीएमसी सांसदों ने स्थगन प्रस्ताव दिया था और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग ने खुद माना है कि देश भर में कई लोगों के पास एक ही मतदाता सूची संख्या है। चुनाव से पहले अचानक, लोगों के नाम मतदाता सूची से कट जाते हैं या इसमें जोड़ दिए जाते हैं। इन सब बातों पर चर्चा होनी चाहिए। यह लोकतंत्र का सवाल है. राज्यसभा के चेयरमैन ने इन मुद्दों पर चर्चा करने की अनुमति नहीं दी, इसलिए हमने वॉकआउट किया. हम इन मुद्दों को उठाते रहेंगे।

# चैंपियंस ट्रॉफी में जीत का जश्न मनाने पर बवाल, चले ईंट-पत्थर

एजेंसी ▶▶| महू/इंदौर

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनाने वाली रैली पर पथराव हो गया। टीम इंडिया के चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने पर जहां एक तरफ पूरा देश जश्न में डूब गया। तो दूसरी ओर इस दौरान ही इंदौर के पास महू में हिंसा भड़क उठी। भारतीय टीम की जीत का जश्न मना रहे लोगों पर अचानक पथराव हुआ।

- महू में हुई हिंसा, 13 लोग गिरफ्तार



### 13 आरोपी गिरफ्तार

जिलाधिकारी के मुताबिक, मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इनमें से कुछ के खिलाफ सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। सिंह के अनुसार, लोगों के बयानों के आधार पर घटनाओं के संबंध में कुछ और प्राथमिकी भी दर्ज की जाएंगी।

### क्यों भड़की महू में हिंसा?

घटना जामा मस्जिद के पास हुई। जानकारी के अनुसार चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में भारत की जीत का जश्न मनाते हुए बीती रात महू में जुलूस निकाला गया। ये जुलूस जैसे ही मस्जिद के पास पहुंचा तो दोनों पक्षों में बहस होने लगी, जिसने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान पत्थरबाजी शुरू कर दिया, जिसमें कई लोग घायल भी हुए। हालात बिगड़ते चले गए और इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने वाहनों में तोड़फोड़ शुरू की। कई गाड़ियों और दुकानों को भी फूंक डाला।

## मप्र में भीषण हादसा

# एसयूवी-ट्रक की टक्कर में आठ की मौत, 13 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीधी

मध्यप्रदेश के सीधी जिले में एक ट्रक और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) के बीच टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक गायत्री तिवारी ने सोमवार को बताया कि यह घटना सीधी-बहरी रोड पर उपनी पेट्रोल पंप के पास देर रात करीब 2.30 बजे हुई। उन्होंने बताया कि दोनों वाहन आमने-सामने से तब टकराए जब एसयूवी एक परिवार के सदस्यों को लेकर मैहर की ओर जा रही थी।



### मुंडन समारोह में जा रहे थे एसयूवी सवार

एसपी ने बताया कि दुर्घटना के समय एसयूवी सवार लोग एक बच्चे के मुंडन समारोह के लिए मैहर जा रहे थे। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि एसयूवी गलत दिशा से आ रही थी, जिसके कारण टक्कर हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है, जो सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए दुर्घटना की जांच करेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख जताया।

## अध्यादेश पर नहीं बन पाई अंतिम सहमति, इसमें संशोधन पश्चात जारी होगी अधिसूचना

# एआई में डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करेगा रविवि ऐसा करने वाला प्रदेश का होगा पहला विश्वविद्यालय

*विद्यापरिषद की बैठक में लिया गया निर्णय, एआई में रोजगार की संभावना को देखते हुए पहल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने की तैयारी है। यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर ना होकर स्नातकोत्तर स्तर पर होगा अर्थात इसमें वे ही छात्र प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे, जिन्होंने पीजी की पढ़ाई पूरी कर ली है। विवि द्वारा एआई में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत की जानी है, लेकिन इसके अध्यादेश को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। बीते दिनों हुई विद्यापरिषद की बैठक में इससे संबंधित नवीन अध्यादेश प्रस्तुत किया गया। इस पर सहमति नहीं बन सकी है। आवश्यक संशोधन के बाद अगली बैठक में इसे प्रस्तुत किए जाने का निर्णय लिया गया। विद्यापरिषद की अगली बैठक में एआई संबंधित अध्यादेश को अंतिम रूप दिए जाने की ▶▶|शेष पेज 3 पर



### स्नातकोत्तर उपाधि अनिवार्य

पाठ्यक्रम पोस्ट ग्रेज्यूएट डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शीर्षक से संचालित किया जाएगा। जैसा की नाम से ही स्पष्ट है इसमें केवल स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर चुके छात्रों को ही दाखिला दिया जाएगा। यह केवल गणित व विज्ञान विषय के छात्रों के लिए ही रहेगा अथवा वाणिज्य व कला संकाय के विद्यार्थी भी इसमें दाखिले ले सकेंगे, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। सीट संख्या, फीस, पाठ्यक्रम सहित अन्य चीजों का निर्धारण अभी शुरुआती चरण में है। विश्वविद्यालयीन सूत्रों के अनुसार, प्रबंधन उक्त पाठ्यक्रम को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ▶▶|शेष पेज 3 पर

### फिलहाल इंजीनियरिंग संस्थानों में ही

आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग आधारित पाठ्यक्रम अथवा टॉपिक फिलहाल इंजीनियरिंग संस्थानों में ही विद्यार्थियों को पढ़ाए जा रहे हैं। एनआईटी रायपुर सहित ट्रिपलआईटी और आईआईटी ने भी इस पर आधारित शॉर्ट टर्म कोर्स प्रारंभ किए हैं अथवा इसे एक टॉपिक के रूप में छात्रों के लिए पाठ्यक्रम में जोड़ा है। परंपरागत पाठ्यक्रमों का संचालन करने वाले विवि में इससे संबंधित पढ़ाई व्यवस्थित रूप से अब तक प्रारंभ नहीं हो सकी है। इसकी शुरुआत किए जाने के बाद संबंधित विशेषज्ञों की भी नियुक्ति विवि को करनी होगी।

## चिंतन

# धमकी देकर देश को दहशत में डालने वालों पर नकेल जरूरी

भारत की विभिन्न धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी स्कूल, कभी रेलवे स्टेशन तो कभी एयरलाइंस की फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिलना आम बात हो गई है। कौन भूल सकता है जब बीते साल अक्टूबर में एक साथ 95 फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे पूरे देश में दहशत फैल गई। अब सोमवार को एक बार फिर मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 119 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को वापस मुंबई लाने का फैसला किया गया। विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा। जब तक जांच पूरी नहीं हुई यात्रियों, सुरक्षा एजेंसियों समेत देश के बड़े हिस्से में दहशत का माहौल रहा। न जाने कौन फैला रहा है इस तरह की दहशत। देश की प्रत्येक एयरलाइन की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को एक सप्ताह के भीतर बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। इससे खलबली मचना स्वाभाविक है। इससे दहशत तो फैलती ही है साथ में हवाई यात्रा का टाइम टेबल गड़बड़ा जाता है। कितनी ही फ्लाइट जांच के लिए रोक दी जाती हैं। यात्रियों को भारी असुविधा होती है। वे समय पर अपने गंतव्य पहुंच नहीं पाते या कनेक्टिंग फ्लाइट मिस कर जाते हैं। इन धमकियों के पीछे कौन है और उसका क्या उद्देश्य है? अनेक एजेंसियां इसका पता लगाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन इसके पीछे कुछ खास नहीं निकल पा रहा है। सोशल मीडिया और ई-मेल के माध्यम से विमान में धमाका करने की धमकी देना आम बात होती जा रही है। आखिर ये कितने शातिर लोग हैं जो इतने दिनों से जांचकर्ताओं की पकड़ में नहीं आए। उड़ान में खलल डालकर उसे रोक देना उनका उद्देश्य मालूम पड़ता है। उनकी धमकी वाकई गंभीर है या खोखली इसका अंदाजा कैसे लगाया जाए। कुछ धमकियां तो ऐसी उड़ान को लेकर थीं जो पूरी हो चुकी थीं। वैसे तो हर उड़ान के पहले विमान और उसके सिस्टम की पूरी तरह जांच की जाती है फिर भी धमकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। ऐसी धमकियां विमानन क्षेत्र की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों को ऐसे शरारती तत्वों को यथाशीघ्र खोज निकालना होगा। इस तरह का अपराध करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी धमकियां देने वाले में सिरफिरे, मानसिक रुग्ण के अलावा कोई ऐसा यात्री भी हो सकता है जो उड़ान में विलंब करवाना चाहते हैं। यह भी देखना होगा कि ऐसी धमकी के पीछे कोई एक व्यक्ति है या कोई समूह! कॉल या ई-मेल कहां से आया, इसका तुरंत पता लगाकर शरारती तत्व को पकड़ा जाना चाहिए। साइबर सुरक्षा एजेंसियां ऐसा कर सकती हैं। अनेक डिजीटेक टूल हैं जिनसे पता लगाया जा सकता है कि कौन से शरारती तत्व यह करतूत कर रहे हैं। सोशल मीडिया कंपनियों के पास भी पता लगाने के संसाधन हैं कि कौन से फेक अकाउंट से इस तरह की धमकियां दी जा रही हैं। यह भी संभव है कि इस तरह की धमकी बाहर देश से आ रही हों। जांच एजेंसियों पर इस पर भी नकेल कसने की जरूरत है। इस मामले को अब सरकार को टॉप प्रायरिटी में रखते हुए इसकी सघन जांच करानी चाहिए, ताकि भारत की एयरलाइंस और लोगों को इससे छुटकारा मिल सके।

# प्रदूषित नदियों पर सियासत नहीं समाधान की जरूरत



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

भारत जैसे धार्मिक मान्यता वाले देश में नदियां सदैव ही आस्था का केंद्र रही हैं लेकिन अब यह सियासी रार और विवाद का जरिया भी बन रहा है। बीते दिनों प्रयागराज में देश की सर्वाधिक धार्मिक महत्व वाली गंगा के तट पर संपन्न महाकुंभ के दौरान इस नदी में डुबकी लगाने की परंपरा और इसके पानी की शुद्धता पर काफी राजनीतिक आरोप - प्रत्यारोप हुआ। महाकुंभ के दौरान ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 'सीपीसीबी' के एक रिपोर्ट ने इस विवाद में घी डालने का काम किया जिसमें बताया गया कि प्रयागराज में गंगा और यमुना के पानी में अपशिष्ट जल प्रदूषण 'फेकल कोलिफॉर्म' का स्तर स्नान के लिए उपयुक्त नहीं है।

बोर्ड के इस रिपोर्ट पर खूब सियासी तलवार भांजे गए लेकिन उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री और उत्तरप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सीपीसीबी के रिपोर्ट को एक सिरे से खारिज कर दिया। दूसरी ओर देश के अनेक विश्वविद्यालयों के साइंटिस्ट और पर्यावरणविद् भी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इस रिपोर्ट पर बंटे नजर आए। अलबत्ता राजनीति से इतर इस बात में कोई संदेह नहीं है बल्कि देश में गंगा-यमुना सहित अधिकांश नदियों का पानी मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदूषण की वजह से देश की 328 नदियों का पानी सेहत के लिहाज से हानिकारक है। इन नदियों के पानी में मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक अमोनिया, हाइड्रोजन सल्फाइड, नाइट्रेट, क्रोमियम, लेड जैसे घातक रसायन और कोयला, चूना ,तांबा और लोहा जैसे हैवी मेटल्स पाए गए हैं। देश की प्रदूषित नदियों की सूची में छत्तीसगढ़ के महानदी, शिवनाथ, हसदेव, खारुन और इंद्रावती आदि नदियां शामिल हैं।

गौरतलब है कि भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाकुंभ की परंपरा हजारों वर्षों से रही है लेकिन इस महाकुंभ में जिस तरह से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चला उसने इस महापर्व की आस्था और मर्यादा को भी चोट पहुंचाया है। देश में जारी कमंडल और मंडल-2 की राजनीति के मद्देनजर यह महाकुंभ धार्मिक ध्रुवीकरण और तुष्टिकरण के सियासत में उलझते नजर आई। आलम यह था कि जहां एक ओर एक राजनीतिक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अपने आपको इस महापर्व से दूर रखा तथा इसके किसी भी चूक पर सियासी वार का मौका नहीं छोड़ा वहीं दूसरी ओर दक्षिणपंथी पार्टी और संगठन महाकुंभ के राजनीतिक लाभ लेने से नहीं चुके। इंटरनेट क्रांति के वर्तमान दौर ने महाकुंभ और गंगा के प्रदूषण पर मचे रार को खूब हवा दिया। सोशल मीडिया पर इस महापर्व के बारे में तमाम सच्ची- झूठी खबरें, फोटो और वीडियो वायरल किए गए जिस पर सरकार ने भी सख्ती दिखाया लेकिन नतीजा सिफर रहा।



हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना का प्रदूषण एक बार फिर से चुनाव का मुद्दा बना। भाजपा और कांग्रेस जहां यमुना के दूषित पानी और प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी 'आप' के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर लगातार हमलावर रही वहीं दूसरी ओर अरविंद केजरीवाल ने भी हरियाणा के भाजपा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप जड़ दिया। गौरतलब है कि हर साल उत्तर भारतीयों के प्रमुख पर्व 'छठ पूजा' के दौरान दिल्ली की जीवनरेखा यमुना की सफेद झागदार तस्वीरें देश ही नहीं वल्कि दुनिया के मीडिया में सुर्खियां बटोरती है। विडंबना है कि हमारे सियासी दल हर चुनाव में यमुना की इस बेबसी पर घड़ियाली आंसू बहाकर वोट बटोरने का साधन बनाती है लेकिन आज तक कोई भी सरकार यमुना का भाग्य नहीं बदल पाई।

मोक्षदायिनी गंगा जिस पर देश की 40 फीसदी आबादी निर्भर है के पानी को जहाँ माइक्रोप्लास्टिक दूषित कर रही है तो यमुना में रासायनिक प्रदूषण के कारण केवल झाग ही दिखाई देते हैं। माइक्रोप्लास्टिक में सिंगल यूज प्लास्टिक के जहरीले केमिकल शामिल होते हैं जो सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होते हैं। देश में सदियों से गंगा और यमुना ही नहीं बल्कि सभी नदियों के प्रति आस्था और सम्मान का भाव रहा है। इन्हें नदियों के तट पर कुंभ, महाकुंभ , धार्मिक और सांस्कृतिक मेले-मड़ाईयों का आयोजन होते रहा है तो मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्युपर्यंत सभी कर्मकांड नदियों के गोद में ही होता है। यह कहना बेमानी नहीं होगी कि मानव सभ्यता का विकास इन्हीं नदियों के तट पर हुआ है लेकिन इन नदियों के प्रति सर्वाधिक असभ्यता और अनुदारता आज का सभ्य समाज प्रदर्शित कर रहा है।

विचारणीय है कि पहाड़ों और जंगलों के गोद से निकलने वाली गंगा और यमुना शुभ्र और धवल होती है लेकिन यही नदियाँ मैदानी इलाकों में आती है तो आधुनिक सभ्यता और मशीनी विकास का कचरा समेट कर कालिमा में बदल जाती है। आलम यह कि प्रयागराज आते-आते मोक्षदायिनी गंगा का जल आचमन के लायक भी नहीं रह जाता है। इधर सरकारों के तमाम कोशिशों और योजनाओं के बावजूद गंगा दिनोंदिन मैली होती जा रही है। दरअसल इसके पृष्ठभूमि में प्रमुख कारण सरकारों और प्रशासनिक अमले में दृढ़ इच्छाशक्ति का आभाव, सफाई योजनाओं में भ्रष्टाचार व गुणवत्ता में कमी और सामुदायिक सहभागिता तथा जागरूकता में कमी है। बहरहाल गंगा-यमुना सहित अन्य नदियों में बढ़ते प्रदूषण के लिए इन नदियों के किनारे बढ़ती आबादी, शहरीकरण, उद्योग, कृषि में प्रयुक्त होने वाले कीटनाशक और उर्वरक, अपशिष्ट जल का प्रवाह और धार्मिक व सामाजिक आचरण जिम्मेदार हैं।

बहरहाल ऐसा नहीं है कि देश की सरकारों ने मैली होती नदियों की सफाई की सुध नहीं ली लेकिन नतीजा आशाजनक नहीं है। साल 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने गंगा की सफाई के लिए पहला गंगा एक्शन प्लान लागू किया, साल 2009 में यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन अथॉरिटी बनाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में 'नमामि गंगे' जैसी महत्वाकांक्षी योजना का आगाज किया था। अलबत्ता योजना के अंतर्गत अभी तक जितना काम हुआ है वह उत्साहवर्धक नहीं है और न ही सरकार के दावों के अनुरूप है।

अलबत्ता क्या हम ऐसे भारत की कल्पना कर सकते हैं जहां नदियां न हों गंगा और यमुना न हों, जहां क्षिप्रा और नर्मदा न हो, जहां गोदावरी और ब्रम्हपुत्र न हो, जहां महानदी और शिवनाथ न हो। बिलाशक यह कल्पना बेमानी है लिहाजा नदियों पर सियासत नहीं बल्कि इन्हें साफ रखने की दिशा में सोचना होगा। आखिरकार नदियों के कल-कल में ही जीवन का कल यानि भविष्य है। बहरहाल मरती नदियां कैसे जी उठती है? इसका उदाहरण लंदन की टेम्स नदी है जिसे 'डेड रिवर' घोषित कर दिया गया था जिसमें जलीय जीव-जंतु भी जीवित नहीं रह सकते थे लेकिन ब्रिटेन सरकार और समाज की दृढ़ इच्छाशक्ति ने इस नदी को दुनिया का सबसे सुंदर और साफ नदी का तमगा दिला दिया।

यह उदाहरण भारत के लिए भी प्रेरणा बन सकता है बशर्ते देश के राजनीतिक दल नदियों पर सियासत का कीचड़ फेंकने की जगह समाधान की दिशा में विचार करें। सरकारों का भी दायित्व है कि वह नदियों के सफाई के लिए लागू एक्शन प्लान के भ्रष्टाचार मुक्त और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करे वहीं नागरिक समाज का भी दायित्व है कि वह नदियों के प्रति उदार और स्व- अनुशासित हों तभी देश की नदियां अविरल और निर्मल होंगी।

## सियासत
आलोक शुक्ला



# प्रस्तावित लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर टकराव

भारत में इस समय 2026 में प्रस्तावित लोक सभा क्षेत्रों के परिसीमन पर काफी टकराव चल रहा है। परिसीमन एक संवैधानिक अनिवार्यता है, परन्तु दक्षिण भारत में इसका भारी विरोध हो रहा है। भारत का संविधान कहता है कि प्रत्येक व्यक्ति के वोट का मूल्य एक बराबर होना चाहिए। इसीलिए लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं में जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या का निर्धारण किया जाता है। परिसीमन के द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण भी किया जाता है। भारत में वर्ष 1951, 1962 एवं 1972 में परिसीमन किया गया था। इसके अनुसार एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 10 लाख की जनसंख्या है। आपातकाल के दौरान संविधान (42 वां संशोधन) अधिनियम, 1976 पारित हुआ जिसके द्वारा वर्ष 2000 के बाद की जनगणना तक के लिए लोक सभा में सीटों की संख्या को फ्रीज़ कर दिया गया। सन् 2002 में वाजपेयी की सरकार ने लोक सभा सीटों की संख्या पर फ्रीज़ को 2026 तक के लिए बढ़ा दिया था। प्रस्तावित परिसीमन को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि इससे दक्षिण भारत के राज्यों में लोक सभा की सीटें कम हो जाएंगी। दक्षिण का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा और राष्ट्रीय निर्णयों में उनकी भूमिका कम होती जाएगी। दक्षिण में उत्तर की तुलना में विकास अधिक हुआ है। दक्षिण की प्रति व्यक्ति आय अधिक है, स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में दक्षिण अधिक विकसित है। इसी कारण दक्षिण में जनसंख्या नियंत्रण बेहतर हुआ है और वहां की जनसंख्या अनुपातिक रूप से उत्तर की अपेक्षा बहुत कम हो गई है। केन्द्रीय करों की वसूली में दक्षिण का अनुपात उत्तर की तुलना में कहीं अधिक है। दक्षिण को लगता है कि यह उनके साथ अन्याय है। उनका कहना है कि दक्षिण के राज्य कब तक उत्तर की अक्षमता का बोझ उठाते रहेंगे। लोक सभा में दक्षिण का प्रतिनिधित्व वर्तमान में 24% है, वह इस परिसीमन के बाद घटकर 19% हो जाएगा। हाल ही में नागपटनम में तामिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसी बात को रेखांकित करने के लिए लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान तक कर डाला। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि परिसीमन से दक्षिण भारत के किसी भी राज्य की एक भी सीट कम नहीं होगी। परन्तु उनकी बात का कोई खास असर दक्षिण भारत के राज्यों में नहीं हो रहा है। उन्हें लगता है कि भी जनसंख्या के आधार पर किए गए परिसीमन में दक्षिण के राज्यों की सीटों में आनुपातिक कमी आएगी।

2026 के जनसंख्या प्रोजेक्शन के आंकड़ों के आधार पर अनुमान है कि इस परिसीमन से उत्तर प्रदेश की सीटों की संख्या वर्तमान 80 से बढ़कर 143 हो जाएंगी और बिहार की सीटों की संख्या वर्तमान 40 से बढ़कर 79 होगी। वहीं तमिल नाडु की वर्तमान 39 सीटों में केवल 10 सीटों की ही वृद्धि होगी। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने 5 मार्च को परिसीमन के मुद्दे पर एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें 60 से अधिक दलों ने भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बैठक का बहिष्कार किया। इस बैठक में दक्षिण के राज्यों को 2026 की जनसंख्या के आधार पर प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने के लिए संगठित होने का आह्वान किया गया और 1971 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने की मांग की गई। भारत में 2011 की जनगणना के बाद कोई जनगणना नहीं हुई है। 2021 की जनगणना कोविड महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस कारण हमारे पास जनसंख्या के आधिकारिक आंकड़े ही नही हैं। अभी तक सरकार ने इस बात की घोषणा नहीं की है कि अगली जनगणना कब होगी। कई पार्टियां जातिगत जनगणना की मांग भी कर रही हैं। नए परिसीमन का संबंध लोक सभा में महिला आरक्षण के लागू होने से भी है। नए संसद भवन में 888 सीटें बनाई गई हैं। यह भी इस बात का संकेत है कि नए परिसीमन में लोक सभा की सीटें बढ़ने की संभावना है। लंबे समय के सुधारों के रूप में भारत को शायद वित्तीय शक्तियों के विकेंद्रीकरण के बारे में भी सोचना होगा। केन्द्र द्वारा एकत्रित किए जाने वाले करों में राज्यों का हिस्सा बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए। ऐसा करने से लोक सभा में कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों को भी अपने विकास का पूरा मौका मिलेगा और वे शायद परिसीमन की कुछ कम चिंता करेंगे। संवैधानिक विशेषज्ञ और सभी राजनीतिक दल यदि मिलकर इस समस्या का हल खोजेंगे, तो कोई न कोई हल ज़रूर मिलेगा। टकराव और अलगाव की राजनीति से देश का भला नहीं हो सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!



संकलित
## दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है। राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
## प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अनिद्रा रोग की जकड़ में 2037 का भारत

पाश्चात्य जीवन शैली की नकल में वर्तमान भारतीय संस्कृति इतनी भ्रष्ट व बेईमान हो चुकी है कि भरोसा नाम की कोई चीज ही नहीं बची। भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली-नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए। *-प्रकाश सोलंकी, गरियाबंद*

## ट्रेंड

### रक्षा क्षेत्र में प्रतिबद्धता



लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एमके1ए के लिए पहला रियर फ्यूज़लेज हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंपा गया। यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति और रक्षा क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### पौधरोपण में योगदान दें



प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधा रोपा। पेड़-पौधे प्रकृति की अनमोल धरोहर व पर्यावरण के संरक्षक हैं। आप भी विभिन्न अवसरों पर पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### वोटर लिस्ट में गड़बड़ी



महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है। मगर पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वो अब तक पूरी नहीं की गई हैं। सवाल आज भी वैसे ही बने हुए हैं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भारतीय टीम को बधाई



भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी को जीतकर मां भारती का मान बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई!
-विजेंदर सिंह, बॉक्सर

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने समुद्र में दागी कई बैलिस्टिक मिसाइलें



दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र में दागी है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू होने के कुछ घंटों बाद यह मिसाइलें दागी गयीं। उत्तर कोरिया इस अभ्यास को अतिक्रमण के पूर्वाभ्यास के तौर पर देखता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया के ह्वांगहे प्रांत से मिसाइल दागी गयीं, लेकिन उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि मिसाइलें कितनी दूर तक गईं। दक्षिण कोरिया और अमेरिकी सैन्य बलों ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास शुरू किया है जो ग्यारह दिनों तक चलेगा। हालांकि, इससे पहले दक्षिण कोरिया की वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों की गलती से नागरिक क्षेत्र में बमबारी करने की घटना के कारण लाइव-फायर प्रशिक्षण को रोक दिया गया था। दक्षिण कोरिया ने इस मामले की जांच की। उत्तर कोरिया ने इन सैन्य अभ्यासों की कड़ी निंदा करते हुए एक सरकारी बयान में इसे खतरनाक बताया।

## ऑफ बीट

# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है



बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### 4000 वर्ग किमी में...

वर्ग किमी में नक्सलियों की उपस्थिति है जहां से उन्हे खदड़ने फोर्स लगातार प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि बस्तर संभाग के 43 हजार वर्ग किमी क्षेत्र में से लगभग 35 प्रतिशत इलाके में दशक भर पूर्व तक नक्सलियों का एकछत्र राज हुआ करता था। वर्तमान में लगातार खुल रहे पुलिस कैम्प व नक्सल विरोधी मुहिम के चलते 16 हजार वर्ग किमी से अधिक इलाके को नक्सल मुक्त करा लिया गया है। गृहमंत्री अमित शाह ने 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे का ऐलान किया है।

### इन इलाकों से सक्रिय...

बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित नौ इलाकों में वर्तमान में फोर्स का पूरा ध्यान है जहां नक्सलियों को टॉरगेट किया जा रहा है। इन इलाकों में अबूझमाड़ के उतरी व दक्षिणी क्षेत्र के अलावा नेशनल पार्क एरिया, इन्द्रावती एरिया, पिड़िया हिरोली एरिया, पामेड़ व उसूर एरिया, बीजापुर व सुकमा का सीमाई इलाका जिसे नक्सल लीडर हिड़मा का आधार क्षेत्र माना जाता है। इसके अलावा दंतेवाड़ा व सुकमा का सीमाई इलाका तथा जगरगुण्डा व किस्टाराम का सीमावर्ती इलाका शामिल है जहां वर्तमान में नक्सलियों की मौजूदगी है। नक्सलियों के इन आधार इलाकों में वर्ष 2024 से अब तक 38 नए कैम्प खोले जा चुके है।

### दर्जन भर टॉप मोस्ट...

जाएगा जिसके लिए रणनीति तैयार कर ली गई है। मोस्ट वाटेंड नक्सलियों में बस्तर में सेंट्रल कमेटी महासचिव नम्वाला केशवराव उर्फगगन्ना उर्फ वसव राजू के अलावा पोलित ब्यूरो मेंबर गुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति उर्फ रमन्ना, प्रभारी सेंट्रल कमेटी मिलिट्री कमीशन, सचिव डीकेएसजेडसी सचिव के रामचन्द्र रेड्डी उर्फ कट्टा रामचन्द्र रेड्डी, डीकेएसजेडसीएम व माड़ डिवीजन प्रभारी सुजाता उर्फ अल्लुरी कृष्णाकुमारी, डीकेएसजेडसीएम लेगूं उर्फ संजीव उर्फ अशोक, प्रभारी दक्षिण बस्तर डिवीजन रघु उर्फ विकास उर्फ विकासन्ना, कमाण्डर पीएलजीए बटालियन नम्बर वन हेमला देवल उर्फदेवा बारसा, सचिव पश्चिम बस्तर डिवीजन पापाराव कुड़ाम उर्फ मंगू, सचिव उत्तर बस्तर डिवीजन राजमन मण्डावी उर्फ के यादगिरी के अलावा डीवीसीएम व एसीएम रेंक के 4 सौ नक्सली शामिल है जिन्हें जल्द ही टॉरगेट कर बस्तर को नक्सलमुक्त किया जाएगा।

### 60 हजार जवान...

लोकल फोर्स के 20 हजार जवानों के अलावा लगभग 40 हजार केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल तैनात हैं जिनके द्वारा अंदरुनी क्षेत्रों व सीमावर्ती इलाकों में लगातार अभियान संचालित किया जा रहा हैं। आपरेशन के साथ ही इन इलाकों को नक्सलमुक्त कर विकास कार्य कराते हुए सड़क, बिजली, मोबाईल, स्वास्थ्या जैसी सुविधाओं के साथ बेसिक सुविधाएं भी पहुंचा पा रहे हैं।

### शराब घोटाले की जांच...

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल के निवास स्थान पर दबिश दी। इसके अलावा भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल (बिट्टू) से जुड़े लोगों के घर भी धावा बोला। जानकारी के अनुसार पुलिस की चार टीमें सोमवार की सुबह पदुमनगर पहुंची थी। 14 अन्य स्थानों पर जिनमें स्टील कॉलोनी स्थित शहर जिला भिलाई कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, द्वारिकाधीश कॉलोनी बोरसी दुर्ग लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे राजेंद्र साहू, ट्रांसपोर्टर चरोदा निवासी संदीप सिंह, भिलाई-3 निवासी अभिषेक ठाकुर उर्फ गब्बर, रामनगर भिलाई बिल्डर अजय चौहान, नेहरू नगर पश्चिम स्थित बिल्डर मनोज राजपूत, सहेली ज्वेलर्स सुनील जैन, किशोर राइस मिल के कमल अग्रवाल के निवास स्थान पर भी ईडी ने दबिश देकर पड़ताल शुरू की है। सभी स्थानों पर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने एक साथ दबिश देकर कार्रवाई शुरू की है।

**नोट गिनने की मशीन लेकर पहुंचे :** शाम 4:15 बजे ईडी की टीम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पदुमनगर निवास नोट गिनने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीन मंगवाई। कार में जैसे ही मशीन लेकर सीआईएसएफ के जवान पहुंचे, कांग्रेस के कार्यकर्ता भड़ककर नारेबाजी करने लगे। धक्का-मुक्की के बीच सुरक्षा जवानों से तीखी बहस होने लगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप था कि नई कहानी गढ़ने नोट गिनने मशीन मंगवाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था के बीच जवानों ने नोट गिनने वाली मशीन पूर्व मुख्यमंत्री के बंगले के अंदर की गई। जानकार बताते है कि नोट गिनने वाली मशीन की क्षमता एक साथ 2 लाख रुपए गिनने की है और मशीन में चार खाने बने है।

**किसने क्या कहा : पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास :** सात वर्षों से चले आ रहे झूठे केस को जब अदालत ने बर्खास्त कर दिया गया तो आज ईडी के मेहमानों ने पूर्व सीएम, कांग्रेस महासचिव के भिलाई निवास में सुबह प्रवेश किया। अगर इस षड्यंत्र से कोई पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा यह गलत फहमी है।

- भूपेश बघेल, पूर्व सीएम

**लोकतंत्र पर हमला :** भूपेश बघेल पर ईडी की कार्रवाई लोकतंत्र की सीधी हत्या है। विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश है। हम सब एकजुट होकर इस लोकतांत्रिक लड़ाई को लड़ेंगे। यह सिर्फ एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे और जनता की आवाज पर हमला है।

- टीएस सिंहदेव, पूर्व डिप्टी सीएम

### शराब घोटाले से...

की कार्रवाई को देखा जा रहा है। ईडी ने जारी प्रेस नोट में भी इस बात की पुष्टि की है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल शराब घोटाले के लाभार्थियों में शामिल रहे हैं। यहीं वजह है कि ईडी दबिश देकर जांच पड़ताल कर रही है। ईडी ने जारी प्रेस नोट में बताया कि शराब घोटाले के संबंध में दुर्ग जिले के 14 स्थानों पर पीएमएलए के तहत तलाशी ली जा रही है। तलाशी परिसर पूर्व सीएम भूपेश बघेल से संबंधित हैं। जिसमें उनके बेटे चैतन्य बघेल का आवास और चैतन्य के करीबी सहयोगी लक्ष्मीनारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल का आवास भी शामिल है। ईडी ने पाया है कि चैतन्य बघेल शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय के प्राप्तकर्ता भी है। जिसमें अपराध की कुल आय लगभग 2161 करोड़ रुपए है। जिसे विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निकाला गया है। ईडी के पास चैतन्य के खिलाफ पुख्ता सबूत है।

### सदन में ईडी के...

दी गई। निलंबित होने के बाद कांग्रेस सदस्य सदन से बाहर चले गए, उसके बाद सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। सोमवार को सुबह विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा, जिस हिसाब से आज प्रदेश के पूर्व मुखिया के यहां ईडी की कार्रवाई की जा रही है। यह गंभीर विषय है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, जो विषय है, प्रश्नकाल के बाद करेंगे। पहले प्रश्नकाल ले लें। इसी बीच कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा, जब कवासी लखमा यहां पर भ्रष्टाचार के बारे में प्रश्न लगाते हैं, उनके यहां ईडी आ जाती है। दो दिन पहले प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रश्न भूपेश बघेलजी ने लगाया था। दो दिन बाद उनके घर ईडी आ जाती है। यह क्या चल रहा है? उसके बाद सदन में कांग्रेस सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

**भाजपा रूपी अंग्रेजों से लड़ते रहेंगे : उमेश :** इस बीच कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि विधानसभा में आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई हो रही है। कोई भी विधायक सदन में प्रश्न उठाता है तो उनके यहां ईडी भेज देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते शुक्रवार को भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सवाल उठाए थे और दो दिन बाद उन पर ईडी की कार्रवाई हो गई। उमेश पटेल ने कहा, इसी तरह की कार्रवाई कवासी लखमा के खिलाफ भी की गई थी। भाजपा सरकार सदन में सवालों उठाने वालों की जुबान बंद करना चाहती है। कोई भी विधानसभा में प्रश्न उठाएगा तो उस पर कार्यवाही होगी। बीजेपी लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा, भाजपा रूपी अंग्रेजों से हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

### पटाखा दुकान में...

भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है।

### भाजपा ने दे दिया...

सभापति का चुनाव था। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से पार्षद हितानंद अग्रवाल को पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा गया था परंतु चुनाव के दौरान भाजपा के ही एक अन्य पार्षद नूतन सिंह ठाकुर ने पार्टी से बगावत करते हुए अपना भी नामांकन दाखिल कर दिया। वहीं एक अन्य पार्षद अब्दुल रहमान ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में नामांकन भरा। 3 प्रत्याशी होने पर निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कराए जाने का फैसला लिया। निगम के निर्वाचित पार्षदों द्वारा इस निर्वाचन में मतदान किया गया। मतदान पश्चात सामने आए परिणाम में 33 मत भाजपा के बागी प्रत्याशी नूतन सिंह ठाकुर को, 18 मत भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल को,16 मत निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल रहमान को प्राप्त हुए थे। इस आधार पर भाजपा के बागी प्रत्याशी नूतन सिंह ठाकुर को सभापति के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। सभापति निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन स्थल पर प्रदेश के उद्योग मंत्री एवं कोरबा के विधायक लखनलाल देवांगन भी उपस्थित थे। निर्वाचन पश्चात जब श्री देवांगन निर्वाचन स्थल से बाहर निकले तो मीडिया के लोगों ने श्री देवांगन से यह पूछा कि अधिकृत प्रत्याशी के विरोध में चुनाव लड़ने वाले बागी प्रत्याशी की जीत पर आपकी प्रतिक्रिया है? सवाल का जवाब देते हुए श्री देवांगन ने कहा कि अभी निगम के सभापति का चुनाव संपन्न हुआ है और सभापति के चुनाव में हमारे नूतन सिंह राजपूत विजयी हुए हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचित पार्षद हैं मैं उनको बहुत बहुत बधाई देता हूं कि उन्होंने विजय हासिल की है। भारतीय जनता पार्टी के सभापति के रुप में निर्वाचित हुए हैं। पार्टी ने घोषित किया था हितानंद अग्रवाल को लेकिन हमारे यहां के सभी पार्षद एकजुट हो गए थे और उन्होंने सर्वसम्मति से नूतन सिंह ठाकुर को खड़ा कर दिया थे। हमको मान्य है सभी का निर्णय निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी के कब्जे में महापौर और सभापति दोनों आ गए हैं। मैं उनको शुभकामना देता हूं। महापौर और सभापति दोनों मिलकर कोरबा के विकास में अच्छा काम करेंगे।

## पेज एक के शेष

### परमाणु ऊर्जा से भी बनेगी...

यह निवेश राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाईयों तक ले जाएगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ न केवल ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनें, बल्कि पूरे देश के लिए एक ऊर्जा हब के रूप में स्थापित हों। छत्तीसगढ़ पहले से ही 30 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है, जो देश के औसत से ज्यादा है। अब हर व्यक्ति को 2048 किलोवाट-घंटे बिजली मिल रही है, जिससे राज्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो रही हैं।

### अदाणी ग्रुप करेगा...

योजना बनाई है। इससे छत्तीसगढ़ में परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन की शुरुआत होगी। थर्मल पॉवर क्षेत्र में भी बड़े निवेश की घोषणा हुई है। अदाणी पॉवर 66720 करोड़ रुपए खर्च कर कोरबा, रायगढ़ और रायपुर में 1600-1600 मेगावाट के तीन थर्मल पॉवर प्लांट लगाएगा। जिंदल पॉवर रायगढ़ में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 12800 करोड़ रुपए का निवेश करेगा, जबकि सारदा एनर्जी रायगढ़ में 660 मेगावाट क्षमता के प्लांट के लिए 5300 करोड़ रुपए लगाएगी। इसके अलावा सरकारी कंपनियां एनटीपीसी और सीएसपीजीसीएल 41,120 करोड़ रुपए की लागत से 4500 मेगावाट बिजली उत्पादन करेंगी। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ को बड़ी सफलता मिली है। जिंदल पॉवर और एनटीपीसी ग्रीन मिलकर 10 हजार करोड़ रुपए खर्च कर 2500 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन करेंगे। इसमें डोलेसरा में 500 मेगावाट और रायगढ़ में 2000 मेगावाट के सौर प्लांट शामिल होंगे।

### सौर ऊर्जा से बनेगी...

स्टोरेज प्रोजेक्ट भी शुरू होंगे। इसमें एसजेएन कोटपाली में 1800 मेगावाट और जिंदल रिन्यूएबल द्वारा 3000 मेगावाट के प्रोजेक्ट शामिल हैं।

### एआई में डिप्लोमा पाठ्यक्रम...

संभावना है। इसके बाद इसे कार्यपरिषद भेजा जाएगा। कार्यपरिषद की अनुमति मिलने के बाद उक्त पाठ्यक्रम संबंधित अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। शिक्षाविदों के अनुसार, परंपरागत पाठ्यक्रमों का संचालन करने वाले विश्वविद्यालयों में रविवि पहला विवि है, जहां आर्टफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डिप्लोमा पाठ्यक्रम छात्रों के लिए उपलब्ध रहेगा।

### स्नातकोत्तर उपाधि...

प्रारंभ करने की तैयारी में है। एआई के बढ़ते चलन और इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए रविवि यह पाठ्यक्रम छात्रों के लिए शुरू कर रहा है।

## जर्मनी में हड़ताल पर कर्मचारी

### सड़कों पर उतरे 25 लाख लोग सैलरी बढ़ाने की है मांग

# 13 एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद्द, 5 लाख यात्री प्रभावित

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जर्मनी के सभी एयरपोर्ट्स के कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल बुलाई है। इसकी वजह से सोमवार (भारतीय समयानुसार) को पूरे देश की हवाई यात्रा ठप हो गई है। हड़ताल से पूरे देश में 13 प्रमुख एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद्द की गईं , जिनमें फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख जैसे प्रमुख एयरपोर्ट्स भी शामिल हैं। इसके चलते 5 लाख से ज्यादा यात्री प्रभावित हुए हैं। देश की 25 लाख सरकारी कर्मचारियों वाली वेरडी यूनियन ने सैलरी बढ़ाने की मांग लेकर इस हड़ताल का ऐलान किया था। जर्मनी के समय के मुताबिक ये हड़ताल सोमवार से शुरू होनी थी, लेकिन इसे तय समय से एक दिन पहले रविवार को ही शुरू कर दिया गया। इस हड़ताल में पब्लिक डिपार्टमेंट के वर्कर्स, ग्राउंड स्टाफ और सिक्योरिटी गार्ड्स शामिल हैं। इसकी वजह से ज्यादातर जर्मन एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही रुक गई।



**ये हैं मांगें**

वर्कर्स यूनियन एयरपोर्ट के कर्मचारियों के लिए 8% सैलरी वृद्धि या फिर सैलरी में कम से कम 34 हजार रुपए (350 यूरो) प्रति माह बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पिछले कई महीनों से वर्कर्स यूनियन कर्मचारियों के लिए एक नए समझौते पर बात कर रहा था। इस समझौते के तहत मांग की जा रही थी कि कॉर्पोरेट वर्कर्स की हेल्थ और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार किया जाए, ज्यादा छुट्टियां दी जाएं, सालाना बोनस में 50% की वृद्धि की जाए और कर्मचारियों के रेगुलर और अनिवार्य मेडिकल टेस्ट के लिए डॉक्टर चुनने की स्वतंत्रता दी जाए।

### यात्री हुए परेशान

हैम्बर्ग एयरपोर्ट की प्रवक्ता कैटजा ब्रोम ने कहा- ट्रेड यूनियन का व्यवहार बेईमानी भरा है। सोमवार को एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली 143 फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया गया है। बिना किसी सूचना के यह हड़ताल शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इस समय देश में छुट्टियों का मौसम चल रहा है, जिस वजह से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उम्मीद है अब सोमवार शाम से ही एयरपोर्ट पर नॉर्मल ऑपरेशन शुरू होगा।





## मस्क ने यूक्रेन में इंटरनेट बंद करने की दी धमकी

### सिस्टम बंद किया तो पूरी डिफेंस लाइन ढह जाएगी

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ इलॉन मस्क ने अपने स्टारलिंक इंटरनेट सिस्टम को यूक्रेन में बंद करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि यह सेवा बंद कर दी गई तो यूक्रेन की सैन्य संचार व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो जाएगी। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर मस्क ने लिखा, 'स्टारलिंक यूक्रेनी सेना की रीढ़ बना हुआ है। लेकिन मैं इस युद्ध और लगातार हो रहे विनाश को लेकर परेशान हूं. अंततः यूक्रेन को इस युद्ध में हार का सामना करना पड़ेगा।'



स्टारलिंक एक लो-अर्थ ऑर्बिट (लिओ) सैटेलाइट इंटरनेट सिस्टम है, जो विश्वभर में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड प्रदान करता है। इसकी क्षमता इतनी मजबूत है कि यह किसी भी स्थान पर सीधे स्मार्टफोन को इंटरनेट सेवा उपलब्ध करा सकता है।अमेरिका ने हाल ही में यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता पर अस्थायी रोक लगा दी है।

### रूस का यूक्रेन के तीन गांवों पर कब्जे का दावा

मॉस्को. रूस ने कहा कि उसकी सेना ने यूक्रेन द्वारा कब्जाए तीन गांवों को वापस ले लिया है, जो कि कीव के लिए एक और झटका है क्योंकि शांति वार्ता की संभावना बढ़ती दिख रही है। अमेरिका और यूक्रेन के वार्ताकारों के बीच संघर्ष विराम को लेकर होने वाली बातचीत से कुछ दिन पहले, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को रूस पर और अधिक प्रतिबंध लगाने की मांग की क्योंकि रूसी सैनिकों का हमला रात भर जारी रहा, जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए।



## ट्रंप का एक और वार, यूएसएआईडी से नहीं मिलेगा अब एक भी रुपया



**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने एक और हथौड़ा चला दिया है। उनकी सरकार ने साफ कर दिया है कि अब यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के नाम पर एक भी रुपया नहीं दिया जाएगा। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे लेकर एक्स पर एक ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, 6 हफ्तों की समीक्षा के बाद हम आधिकारिक तौर पर यूएसएआईडी के 83% कार्यक्रमों को रद्द कर रहे हैं। इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे देशों की आफत होने वाली है, क्योंकि इन देशों को यूएसएआईडी के तहत हर साल करोड़ों डॉलर मिल रहे थे।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद किरन्दुल, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाडा (छ.ग.)**

क्र./1693/रा.शा. /नपापरि/2025 किरन्दुल, दिनांक 10.03.2025

-: ऑफर सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण में सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् किरन्दुल में अस्थाई दखल शुल्क वसूली हेतु बन्द लिफाफा में ऑफर दिनांक 10/03/2025 को कार्यालयीन अवधि तक आमंत्रित किया जाता है, जो दिनांक 24/03/2025 को कार्यालयीन अवधि में खोला जायेगा। इच्छुक व्यक्ति अपना ऑफर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर रजिस्टर्ड/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से अमानत राशि (टी.डी.आर.) एवं अन्य अभिलेख के साथ ऑफर प्रस्तुत कर सकते है ऑफर की अन्य नियम, शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन कार्य दिवस में कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | शासकीय राशि लाखों में | अमानत राशि | स्वीकृत पश्चात् | शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वर्ष 2025-26 (12 माह) 01.04.2025 से 31.03.2026 तक | 3,32,000.00 | 33000.00 | 50 प्रतिशत | 03 समान किश्तों में जमा किया जाना है। |

टीप :- ऑफर ( आवेदन पत्र) ए-4 साईज पेपर में हस्तलिखित अथवा अंकित होना चाहिये, जिसमें:- आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम, वर्ग, स्थाई पता आवेदक का फोटो अभिप्रमाणित जानकारियों निर्धारित तिथि तक भेजे जा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनो पर कोई विचार नही किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् किरन्दुल



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक/381/लो.नि.वि./न.पा.प./2024-25 सिमगा, दिनांक 10 मार्च 2025

**मैन्यूवल पद्धति से द्वितीय निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद् सिमगा क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु लो.नि.वि. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 2020 से प्रभावशील दर कम या अधिक प्रतिशत दर पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद लिफाफे में रजिस्टर्ड स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि | 17/03/2025 | समय 5.00 बजे तक |
| 02 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 20/03/2025 | समय 5.00 बजे तक |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 25/03/2025 | समय 3.00 बजे तक |
| 04 | निविदा खोलने की अंतिम तिथि | 25/03/2025 | समय 4.00 बजे |

| क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्रमांक 06 में 75 किलो लीटर आर.सी.सी. ओवर हेड टंकी निर्माण कार्य | 18.22 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति-निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड https://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सिमगा






## राशिफल

**मेष** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

**वृष** — मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**मिथुन** — यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** — आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।

**धनु** — खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मकर** — कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

## लोकसभा में गूंजा सीतापुर में पत्रकार की हत्या का मामला, सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने सोमवार को लोकसभा में सरकार से राजधानी दिल्ली में एक पूर्वांचल भवन बनाए जाने की मांग की। शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए तिवारी ने दावा किया कि दिल्ली में करीब 45 प्रतिशत आबादी पूर्वांचल मूल के लोगों की है और दिल्ली के विकास में इनका बड़ा योगदान है। समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में एक पत्रकार की हत्या का मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठाया और इस घटना की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का आग्रह किया।



■ मनोज तिवारी ने की दिल्ली में पूर्वांचल भवन बनाने की मांग

कांग्रेस के कई सदस्यों ने केरल में 'आशा' कार्यकर्ताओं के आंदोलन का विषय सोमवार को लोकसभा में उठाया और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बैठक बुलाकर मामले का समाधान किया जाए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर, वीके श्रीकंदन और शफी परम्बिल ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया।

## शब्द पहेली - 5803



■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

**बाएँ से दाएं-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5802 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | | ज | | अ | प | रा | ध |
| | ल | | म | | ना | वि | क | | ल | ड़ |
| ह | | | ज | ल | न | | ल | | | क |
| म | क | स | द | | खा | ना | | थ | का | न |
| रा | | ब | | म | न | | ध्व | | लि | |
| ज | प | क | र | ना | | रा | ज | कु | मा | र |
| | ह | | वा | | या | त्री | | ली | | वा |
| क | रा | र | | न | न | | अ | न | ब | न |
| म | | | ज | | चा | क | र | | | गी |
| सि | ला | | ह | म | ल | | दा | | सां | |
| न | क | सी | र | | क | | स | दा | चा | र |

## सूडोकु नवताल 5813

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5812 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

# मसान होली...रंगभरी एकादशी की धूम...


हैदराबाद में लोग एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए।


वाराणसी में जुलूस में हिस्सा लेते हुए श्रद्धालु।

## देशभर में बना होली का माहौल

*वाराणसी। वाराणसी में सोमवार को हरिश्चंद्र घाट पर जलती चिता के पास श्रद्धालु मसान होली मनाते हुए। देशभर में होली का जश्न शुरू हो चुका है। रंगभरी एकादशी के मौके पर देशभर में लोगों ने जश्न मनाया। बता दें, होलिका दहन जबकि रंगपंचमी 14 मार्च को है।*




वाराणसी में हरिश्चंद्र घाट पर जुलूस में हिस्सा लेते हुए श्रद्धालु।


वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर भक्त।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में प्लेन क्रैश बाल-बाल बचे यात्री



**नई दिल्ली।** रविवार को पेंसिल्वेनिया के एक उपनगरीय इलाके में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मैनहेप टाउनशिप में लैंकेस्टर हवाई अड्डे के पास दोपहर करीब 3 बजे ये दुर्घटना घटी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विमान में पांच लोग सवार थे और सभी लोगों की जान बच गई।

### पाकिस्तान में 2 पुलिस अधिकारियों की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने दो पुलिस अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांतीय राजधानी पेशावर से करीब 65 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम स्थित कोहाट जिले के टांडा बांध के पास हुई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवाद निरोधक विभाग के उप-निरीक्षक एक सिपाही के साथ यात्रा कर रहे थे तभी अज्ञात बंदूकधारियों ने टांडा बांध क्षेत्र में उन पर हमला कर दिया।

### रिकॉर्ड से हटाया गया केंद्रीय शिक्षा मंत्री का बयान

# भाषा विवाद पर संसद में बवाल, प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ ही सोमवार को लोकसभा में तीन भाषा नीति और नई शिक्षा नीति पर जोरदार हंगामा हुआ। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा नीति को लेकर चल रहे विवाद पर तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी डीएमके की कड़ी आलोचना की। लोकसभा में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि डीएमके तमिलनाडु के छात्रों के भविष्य की कीमत पर राजनीति कर रही है।

प्रधान ने राज्य सरकार पर हिंदी और संस्कृत के खिलाफ पूर्वाग्रह रखने और भाषाई भेदभाव को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। प्रधान ने संसद में कहा कि डीएमके सरकार राज्य में बहुभाषावाद के खिलाफ माहौल बना रही है। केंद्र द्वारा लागू तीन भाषा सूत्र को तमिलनाडु सरकार राजनीतिक कारणों से लागू नहीं कर रही है। प्रधान ने कहा कि हिंदी और संस्कृत को लेकर गलत धारणा फैलाई जा रही है और छात्रों को उनके अध्ययन के विकल्पों से वंचित किया जा रहा है।

### भाजपा ने लगाया डीएमके पर भाषाई भेदभाव को बढ़ावा देने का आरोप



#### विवाद की वजह

शिक्षा मंत्री ने कहा कि डीएमके का काम भाषा विवाद पैदा करना है। इस मुद्दे पर पार्टी राजनीति कर रही है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि डीएमके एक अलोकतांत्रिक और असभ्य पार्टी है। इसके जवाब में डीएमके सांसद कनिमोझी ने 'असभ्य' कहने पर प्रधान की आलोचना की और कहा कि हमें कभी भी केंद्र की शर्तों के साथ नई शिक्षा नीति और तीन भाषा नीति स्वीकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने राज्य के दो हजार करोड़ रुपये रोक रखे हैं ताकि हम पर नीति लागू करने का दबाव बनाया जा सके। कनिमोझी ने कहा कि राज्य के सीएम स्टालिन अपनी आपत्तियों से शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री दोनों को अवगत करा चुके हैं।

#### डीएमके के नेताओं ने संसद में किया हंगामा

डीएमके सांसद कनिमोझी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ संसद में तीन भाषा के मुद्दे पर की गई टिप्पणी को लेकर संसदीय विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश किया। इस आरोप के बाद डीएमके के नेताओं ने संसद में हंगामा किया। डीएमके नेताओं ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तमिलनाडु की नीति तमिल प्रथम की पहले से ही रही है और राज्य सरकार जबरन हिंदी थोपने के खिलाफ खड़ी है। डीएमके में आरोप लगाया कि राज्य पर केंद्र जबरदस्ती हिंदी थोप रही है।

#### अहंकारी हैं प्रधान संभालें अपनी जुबान



*चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि वह खुद को राजा समझकर 'अहंकार' में बात करते हैं। उन्होंने प्रधान से अपनी जुबान पर नियंत्रण रखने को भी कहा। स्टालिन ने स्पष्ट रूप से कहा कि तमिलनाडु सरकार केंद्र की 'पीएम श्री' योजना को लागू करने के लिए आगे नहीं आई है और जब ऐसा है तो कोई भी उन्हें इसके लिए राजी नहीं कर सकता।*

### केंद्र ने संसद में पेश की सीपीसीबी की नई रिपोर्ट

# 'महाकुंभ के दौरान नहाने लायक था गंगा का पानी'




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने हाल में संपन्न महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर गंगा के पानी को स्नान के लिए उपयुक्त बताया है। सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की नई रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह बताया गया। सरकार ने यह भी कहा कि उसने 2022-23, 2023-24 और 2024-25 (9 मार्च तक) में गंगा की सफाई के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन को कुल 7,421 करोड़ रुपये मुहैया कराए। समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया और कांग्रेस सांसद के. सुधाकरन के प्रश्न पर लिखित जवाब दिया गया। इसमें केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार निगरानी वाले सभी स्थानों पर पीएच, घुलित ऑक्सीजन (डीओ) जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और फीकल कॉलीफॉर्म (एफसी) के औसत मान स्नान के लिए स्वीकार्य सीमा के भीतर थे।

#### एनजीटी की रिपोर्ट में उठाए गए थे सवाल

3 फरवरी को एनजीटी में सौंपी अपनी रिपोर्ट में बोर्ड ने कहा था कि महाकुंभ के दौरान संगम का पानी नहाने योग्य नहीं है। टीम ने पाया था कि फेकल कोलीफोर्म 230 एमपीएन/100 मिलीग्राम के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर-अनुपालन मिले। इसके बाद जब 28 फरवरी को एनजीटी को सौंपी गई नई रिपोर्ट में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कहा था कि सांख्यिकीय विश्लेषण से पता चला है कि महाकुंभ के दौरान पानी की गुणवत्ता स्नान के लिए लायक थी। रिपोर्ट में कहा गया कि अलग तारीखों पर एक ही जगह और एक दिन में अलग-अलग स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों के आंकड़ों में भिन्नता थी। इनसे नदी के समग्र जल की गुणवत्ता का पता नहीं चलता।

### पीएम जोथम ने पासपोर्ट कैंसिल करने का दिया आदेश

# ललित मोदी की मुश्किलें बढ़ीं वानुअतु की नागरिकता रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा अपराधी करार दिए गए आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने प्रशांत महासागर में द्वीपों के देश वनुआतु की नागरिकता हासिल कर ली है। वानुअतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने सोमवार को नागरिकता आयोग को पूर्व आईपीएल अध्यक्ष ललित मोदी को जारी वानुअतु पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया। नापत ने एक बयान में कहा, 'मैंने नागरिकता आयोग को मोदी के वानुअतु पासपोर्ट को रद्द करने की कार्यवाही तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया है। मुझे पिछले 24 घंटों में पता चला है कि इंटरपोल ने दो बार भारतीय अधिकारियों के ललित मोदी पर अलर्ट नोटिस जारी करने के अनुरोध को खारिज कर दिया है, क्योंकि उनके पास पर्याप्त न्यायिक साक्ष्य नहीं थे। इस तरह का कोई भी अलर्ट मोदी के नागरिकता आवेदन को स्वतः ही खारिज कर देता।' इससे पहले शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था , 'ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए आवेदन किया है।

#### ये है आरोप

आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी विदेशी मुद्रा उल्लंघनों और वर्ल्ड स्पोर्ट्स ग्रुप के साथ 2009 आईपीएल के लिए 425 करोड़ रुपये के टीवी अधिकार सौदे के संबंध में विभिन्न एजेंसियों की जांच के घेरे में हैं। विदेशी मुद्रा उल्लंघन से संबंधित मामलों में मुंबई में आयकर और ईडी अधिकारियों के साथ सिर्फ एक पूछताछ सत्र में भाग लेने के बाद , वह मई 2010 में ब्रिटेन भाग गए थे। आईपीएल 2010 के फाइनल के तुरंत बाद, मोदी को बीसीसीआई से निलंबित कर दिया गया था। उन पर दो नई फ्रेंचाइजी, पुणे और कोच्चि की बोली में हेराफेरी के साथ दुर्व्यवहार, अनुशासनहीनता और वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था।

# बवाल : 12वीं में पूछा गया- आप की स्थापना पर प्रश्न

**चंडीगढ़।** पंजाब बोर्ड परीक्षा का एक पेपर 2 सवालों की वजह से चर्चा में है। दरअसल, पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड की ओर से आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा के पॉलिटिकल साइंस विषय के पेपर में आम आदमी पार्टी से जुड़े दो सवाल पूछे गए थे। बोर्ड परीक्षा में पूछे गए इन सवालों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आपत्ति जताई है और कहा है कि इससे युवाओं को राजनीतिक तौर पर प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। यह मामला 4 मार्च को आयोजित की गई पॉलिटिकल साइंस की परीक्षा से जुड़ा है, जिसमें आप से जुड़े सवाल पूछे गए थे। इस परीक्षा में आम आदमी पार्टी से जुड़े दो सवाल पूछे गए, जिसमें पहला सवाल है आम आदमी पार्टी की स्थापना कब हुई थी? वहीं, दूसरा सवाल है आम आदमी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों का वर्णन करें।

■ भाजपा ने जताई आपत्ति

#### बीजेपी ने जताई आपत्ति

आप से जुड़े सवालों पर पंजाब में बीजेपी नेता विनीत जोशी ने कहा है कि पंजाब सरकार पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड का इस्तेमाल करके युवाओं को राजनीतिक तौर पर प्रभावित करना चाहती है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी से संबंधित सवाल पूछे गए हैं तो इसका मतलब यह भी है कि स्कूलों में आम आदमी पार्टी और उसकी नीतियों और कार्यों के बारे में भी पढ़ाया जाता है।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

### एनटीए ने जारी किया शेड्यूल

# जेईई मेन सत्र-2 परीक्षा की घोषणा दो अप्रैल से शुरू होंगे एग्जाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन 2025) सत्र-2 की परीक्षा के लिए आधिकारिक शेड्यूल जारी कर दिया है। सत्र-2 की परीक्षाएं 2 अप्रैल से 9 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएंगी। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा में शामिल होने के लिए खुद को पंजीकृत कराया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विस्तृत कार्यक्रम देखें। एजेंसी ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए देशभर के विभिन्न शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। विदेशों में भी 15 केंद्र बनाए गए हैं। जेईई मेन सत्र 2 का आयोजन 2 से 9 अप्रैल, 2025 तक किया जाएगा। जेईई मेन सत्र 2 परीक्षा कार्यक्रम 2025 के अनुसार, जेईई मेन पेपर 1 (बीई, बीटेक) पहले पांच दिनों में आयोजित किया जाएगा। एजेंसी जेईई मेन पेपर 2ए (बीआर्क), पेपर 2बी (बीप्लानिंग) और पेपर 2ए और 2बी (बीआर्क, बीप्लान) अंतिम दिन आयोजित करेगी। जेईई मेन परीक्षा 2025 दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी - शिफ्ट 1 सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शिफ्ट 2 दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी।

#### जेईई मेन परीक्षा पैटर्न

जेईई मेन 2025 संशोधित पैटर्न के अनुसार, सेक्शन बी में वैकल्पिक प्रश्न शामिल नहीं होंगे। जेईई मेन में प्रत्येक विषय में केवल 5 प्रश्न होंगे और छात्रों को सभी 5 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। जेईई मेन 2025 पाठ्यक्रम में तीन विषयों- भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित के विषय शामिल हैं। जेईई मेन 2025 परीक्षा में 3 पेपर होंगे बीटेक, बीई के लिए पेपर 1, बीआर्क के लिए पेपर 2ए और बीप्लान के लिए 2 बी। जेईई मेन 2025 पेपर 1 में 75 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

सुविधाएं :
मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

सुविधाएं :
पी.एफ.टी.
ब्रांकोस्कोपी
स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

मनोरोग
नशा उन्मूलन
एवं यौन रोग
विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

# वनडे विश्व कप में काफी समय, भारत को बदलाव के दौर में रोहित की जरूरत

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने कहा, 'भविष्य की कोई योजना नहीं, संन्यास नहीं लेने जा रहा'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद रविवार को रोहित शर्मा की लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दो बार ऐसा हुआ जब उनके संन्यास का मुद्दा उठा। दुबई में चैंपियन्स ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद जब पहली बार इस विषय पर उनसे बात की गई तो भारतीय कप्तान रोहित ने खुलकर जवाब दिया, 'भविष्य की कोई योजना नहीं है, जैसे चल रहा है, चलता रहेगा।' उन्होंने अगली बार स्वैच्छिक रूप से इसका जिक्र किया। भारतीय कप्तान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के खत्म होने से ठीक पहले कहा, 'एक और बात। मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने जा रहा, बस यह सुनिश्चित करने के लिए बोला कि आगे कोई अफवाह नहीं फैले।' रोहित का बयान बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि जोर 'इस प्रारूप' पर था जो कि 50 ओवर का क्रिकेट है।

रोहित ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप को अलविदा कह दिया था और टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य को लेकर सवाल बने हुए हैं क्योंकि भारतीय टीम इस साल गर्मियों में इंग्लैंड का दौरा करेगी। भारतीय कप्तान ने महत्वाकांक्षाओं को जोरदार और स्पष्ट रूप से व्यक्त किया और 2027 विश्व कप को लेकर उनके कुछ अधूरे सपने हैं जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे।



### रन बनते तक संन्यास नहीं

'वनडे प्रारूप' पर जोर देकर रोहित ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। जब तक वह रन बना रहे हैं, उम्र कोई बाधा नहीं बनेगी। हालांकि अगले एकदिवसीय विश्व कप तक वह 40 के करीब होंगे। वनडे अब भी उनका पसंदीदा प्रारूप है लेकिन रोहित ने कभी ऐसा नहीं कहा कि वह टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहते। असल में ऑस्ट्रेलिया दौरे और उससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला को छोड़कर वह टीम के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज रहे हैं। जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी काबिलियत दिखाई है लेकिन रोहित अब भी भारतीय ड्रेसिंग रूम में सबसे सम्मानित नेतृत्वकर्ता हैं।

### बुमराह फिट नहीं, गिल परिपक्व नहीं

बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं और चयनकर्ताओं के शुभमन गिल को कुछ और समय के लिए उप कप्तान की भूमिका में रखने की प्राथमिकता के कारण रोहित टीम की अगुआई जारी रखने के लिए आदर्श उम्मीदवार बने हुए हैं क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। रोहित के लंबे समय से साथी विराट कोहली ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद कहा कि टीम के मुख्य खिलाड़ी अगले आठ साल तक खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन यह उनका कर्तव्य है कि जब भी वह अलविदा कहें तो भारतीय क्रिकेट को अच्छे हाथों में सौंपें।

## पाकिस्तान मेजबान, पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं बुलाने पर परेशान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड दुबई में टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान अपने सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के निदेशक सुमैर अहमद सैयद को नजरअंदाज करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सामने अपना विरोध दर्ज करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने सोमवार को कहा कि आईसीसी ने इस संबंध में जो स्पष्टीकरण दिया है उससे बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी संतुष्ट नहीं हैं। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि उसने मोहसिन नकवी के मंच पर आने की तैयारी कर ली थी, इसलिए जब वह फाइनल में नहीं आए तो उसने अपनी योजना बदल दी।' पीसीबी ने इस स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है और कहा है कि आईसीसी ने टूर्नामेंट के दौरान मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की स्थिति के संबंध में कई गलतियां की थीं।



### लोगो में नाम नहीं, भारत का बजा राष्ट्रगान

भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए मैच के सीधे प्रसारण में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का लोगो बदलना और लाहौर में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए मैच में भारतीय राष्ट्रगान बजाना शामिल था। आईसीसी ने दावा किया कि प्लेलिस्ट में गड़बड़ी के कारण त्रुटि को ठीक करने से पहले कुछ सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया था।

### क्या पाकिस्तान मेजबान था?



पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी एक्स पर एक वीडियो डालकर कहा, 'भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती लेकिन पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पाकिस्तान मेजबान था। मेरी यह समझ में नहीं आया कि पीसीबी से कोई वहां क्यों नहीं था।'

## खबर संक्षेप



### हॉकी इंडिया ने की 12 करोड़ रुपए इनामी राशि की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

### रोहित ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया



**दुबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।'

### शुभंकर 37वें, अहलावत संयुक्त 42वें स्थान पर रहे

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत जोबर्ग ओपन में क्रमशः संयुक्त 37वें और संयुक्त 42वें स्थान पर रहे। पहले दो राउंड में 66 और 65 का कार्ड खेलने वाले शुभंकर अंतिम दो राउंड में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने इन दो राउंड में 74 और 72 का स्कोर बनाया जिससे वह नीचे खिसक गए। दूसरे राउंड में 63 का शानदार स्कोर बनाकर कट में जगह बनाने वाले अहलावत ने अंतिम दो राउंड में 72 और 70 का कार्ड खेला। स्कॉटलैंड के कैलम हिल ने तीन खिलाड़ियों के बीच खेले गए प्लेऑफ में दक्षिण अफ्रीका के जैक्स क्रूस्विज्क (66) और शॉन नॉरिस (70) को हराकर खिताब जीता।



## सुकांत, नितेश ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पेरिस पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश और सुकांत कदम ने भारत को स्पेन के विटोरिया में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 (दो) में क्रमशः एसएल3 और एसएल4 वर्गों में स्वर्ण पदक दिलाए।

नितेश ने एसएल3 वर्ग के फाइनल में जापान के डेसुके फुजिहारा पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की जबकि सुकांत ने रविवार को एसएल4 वर्ग में हमवतन भारतीय तरुण को 21-13, 21-10 से हराया। एसएच6 वर्ग में नित्याश्री ने पोलैंड के स्जमिगेल को फाइनल में हराकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। पुरुष युगल में नितेश कुमार और तरुण ने भारत के जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को 21-14, 23-25, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णा नागर और नित्याश्री ने इंग्लैंड के शेफर्ड और चूंग को 21-14, 21-11 से हराकर एसएच6 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। नितेश कुमार ने मनीषा रामदास के साथ मिलकर एसएल3-एसयू5 श्रेणी में भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक डाला। उन्होंने स्वीडन के रिकड निल्सन और डेनमार्क की हेलो सोफी सागोय को 21-9, 21-15 से हराया। अल्फिया जेम्स ने महिला एकल फाइनल में स्विट्जरलैंड की इलारिया ओल्गियाती को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



## पांड्या का अनोखा सेलिब्रेशन, ट्रॉफी जीतना बड़ी बात नहीं

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है। इस जीत के बाद पूरी टीम ने जमकर जश्न मनाया। हालांकि इसमें हार्दिक पांड्या का सेलिब्रेशन सबसे अलग रहा। हार्दिक ने खाबी लेम के आइकॉनिक पोज की नकल उतारी। लेम एक मशहूर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। इटली के रहने वाले खाबी लेम के टिकटॉक पर 100 मिलियन फॉलोवर हैं। खाबी टिकटॉक पर प्रॉब्लम सॉल्विंग वीडियो बनाते हैं। इसके बाद वह ऐसा चेहरा बनाते हैं जैसे कि उनके लिए यह प्रॉब्लम सॉल्व करना कोई बड़ी बात थी ही नहीं। हार्दिक पांड्या भी खाबी लेम की ही नकल उतारते हुए यह दिखाते हैं मानो उनके लिए यह ट्रॉफी जीतना कोई बड़ी बात नहीं थी।





## पंकज आडवाणी ने स्नूकर खिताब की बनाई हैट्रिक

एजेंसी ▸▸| मुंबई

स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां बेस्ट ऑफ 15 फ्रेम में फाइनल में ईशप्रीत चड्ढा को 8-6 से हराकर 13.5 लाख इनामी सीसीआई स्नूकर क्लासिक टूर्नामेंट में खिताब की हैट्रिक बनाई। गत राष्ट्रीय और एशियाई स्नूकर चैंपियन आडवाणी ने रविवार रात कड़े फाइनल में ईशप्रीत के खिलाफ 15-57, 26-101, 18-75, 100-25, 36-93, 118-0, 59-68, 45-77, 64-47, 93-72, 70 -60, 75-32, 73-32, 75-47 से जीत दर्ज की। आडवाणी शुरुआत में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे थे और एक समय 1-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह फ्रेम जीतकर जोरदार वापसी की और फिर मुकाबला जीत लिया।

## आईसीसी की चैंपियंस टीम में कोहली समेत 6 भारतीय



### टूर्नामेंट टीम

रचिन रवींद्र (न्यूजीलैंड), इब्राहिम जादरान (अफगानिस्तान), विराट कोहली (भारत), श्रेयस अय्यर (भारत), केएल राहुल (विकेटकीपर, भारत), ग्लेन फिलिप्स (न्यूजीलैंड), अजमातुल्लाह ओमरजई (अफगानिस्तान), मिचेल सैंटनर (कप्तान, न्यूजीलैंड), मोहम्मद शमी (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड), वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल (12वां खिलाड़ी, भारत)।

एजेंसी ▸▸| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' के 12 सदस्यों में छह भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं जिसमें करिश्माई विराट कोहली बड़ा नाम हैं। भारत ने रविवार को यहां फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता।

कोहली के अलावा श्रेयस अय्यर, विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल, 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अंतिम एकादश में शामिल हैं जबकि ऑलराउंडर अक्षर पटेल को 12वां खिलाड़ी चुना गया है। न्यूजीलैंड की टीम के चार सदस्य भी टीम में हैं जिसमें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रचिन रविंद्र भी शामिल हैं जबकि मिचेल सेंटनर को कप्तान बनाया गया है। अफगानिस्तान के दो खिलाड़ियों ने भी टीम में जगह बनाई है।

## कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अक्षर-राहुल के बीच मुकाबला

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ऑलराउंडर अक्षर पटेल और सीनियर विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए दो दावेदार हैं जिसमें गुजरात के खिलाड़ी का पलड़ा थोड़ा भारी है।

ऐसा माना जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी के खत्म होने का इंतजार करने के बाद फ्रेंचाइजी के अधिकारी अगले कुछ दिनों में अपने नए कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने पहले दो मैच के लिए विशाखापत्तनम जाने से पहले दिल्ली में एक छोटा ट्रेनिंग कम अभ्यास शिविर लगाएगी। अक्षर, राहुल, कुलदीप यादव, दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी



जेक फ्रेजर मैकगर्क और मिशेल स्टार्क 17 और 18 मार्च को विशाखापत्तनम में इकट्ठा होंगे। राहुल हो सकता है कि एक या दो मैच में नहीं खेलें क्योंकि उनकी पत्नी अथिया शेट्टी गर्भवती हैं और यह उनके पहले बच्चे के जन्म की संभावित तारीख पर निर्भर करेगा। कैपिटल्स के साथ अपने सातवें सत्र में 31 वर्षीय अक्षर राहुल की तुलना में टीम का नेतृत्व करने के लिए अधिक संभावित उम्मीदवार दिखते हैं।

## ब्रूक ने दिल्ली के साथ अनुबंध तोड़ा, लगेगा प्रतिबंध

### लगातार दूसरी बार आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा

एजेंसी ▸▸| लंदन

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है जिसके लिए उन पर इस टूर्नामेंट में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लग सकता है।

यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि इंग्लैंड के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा है। इसके लिए उन्होंने फ्रैंचाइज़ी और उसके समर्थकों से माफ़ी मांगी। ब्रुक ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैंने आईपीएल के अगले सत्र से हटने का बहुत मुश्किल फैसला किया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं। यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी श्रृंखला की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं। इसके लिए मुझे अपने अब तक के कॅरियर के सबसे व्यस्त दौर के बाद तरोताजा होने के लिए समय चाहिए। मैं जानता हूं कि हर कोई इसे नहीं समझेगा और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता हूं, लेकिन मुझे वह करना होगा जो मुझे लगता है कि सही है और अपने देश के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता है और मेरा पूरा ध्यान इसी पर है।' ब्रूक ने अपनी दादी के निधन के कारण आईपीएल के पिछले सत्र से भी नाम वापस ले लिया था।



### दो साल के प्रतिबंध का नियम

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के आईपीएल से जुड़े नियमों के अनुसार अगर कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में चुने जाने के बाद अनफिट नहीं होने की स्थिति में इस टूर्नामेंट में नहीं खेलता है तो उस पर आईपीएल में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। बीसीसीआई के पिछले साल टीमों के साथ साझा किए गए दस्तावेज़ के अनुसार, 'कोई भी (विदेशी) खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है तो उसे दो सत्र के लिए आईपीएल और आईपीएल नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।'

### डब्लूपीएल समिति में रोहन देसाई शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के नवनियुक्त संयुक्त सचिव रोहन देसाई को महिला प्रीमियर लीग की समिति में शामिल किया गया है। पंजाब क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दिलशेर खन्ना को भी आठ सदस्यीय समिति में शामिल किया गया है। प्रभतेज भाटिया के बीसीसीआई कोषाध्यक्ष बनने के बाद यह स्थान रिक्त हुआ था। भाटिया कोषाध्यक्ष चुने जाने के कारण इस समिति का हिस्सा बने हुए हैं। डब्ल्यूपीएल समिति इस प्रकार हैः रोजर बिन्नी - अध्यक्ष, देवजीत सैकिया (संयोजक) अरुण सिंह धूमल - आईपीएल अध्यक्ष, राजीव शुक्ला - बीसीसीआई उपाध्यक्ष, प्रभतेज भाटिया - बीसीसीआई मानद कोषाध्यक्ष, रोहन गौंस देसाई - बीसीसीआई मानद संयुक्त सचिव, मधुमती लेले, दिलशेर खन्ना।




### शराब और तंबाकू के एड पर लगाएं रोक

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल को 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के दौरान 'सरोगेट' विज्ञापनों सहित सभी प्रकार के तंबाकू और शराब के प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल को लिखे पत्र में कहा कि क्रिकेट खिलाड़ी भारत के युवाओं के लिए आदर्श हैं। उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार के तंबाकू या शराब के विज्ञापन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। गोयल ने लिखा, "आईपीएल को सरोगेट विज्ञापनों सहित तंबाकू और शराब से जुड़े सभी प्रकार के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने वाले नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए।'

[illegible]

खबर संक्षेप

## हाईकोर्ट ने सड़क पर केक काटने के मामले में पुलिस कार्रवाई की मांगी जानकारी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने राजधानी रायपुर में सड़क पर केक काटने की लगातार तीन घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने आज इन सभी मामलों पर राज्य शासन से शपथ पत्र में जवाब मांगते हुए पूछा है कि दोषियों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है। रायपुर में नेशनल हाईवे के करीब रायपुरा चौक के पास एक माल संचालक के बेटे ने सड़क पर केक काटकर जन्मदिन मनाया था। इस दौरान सड़क पर काफी देर तक जाम लगा रहा और लोग परेशान होते रहे। इस समाचार के प्रकाशन पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर जनहित याचिका दर्ज की थी। इसके कुछ दिन बाद ही एक युवक कांग्रेस नेता ने भी जन्मदिन सड़क पर मनाया। एक भाजपा नेता के बेटे ने भी सड़क पर केक काटा। इन सभी घटनाओं को एक साथ जनहित याचिका के रूप में हाईकोर्ट ने विधिवत सुनवाई की। आज चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन से शपथ पत्र पर सारी जानकारी मंगाई है कि अब तक पुलिस और प्रशासन ने क्या कार्रवाई की है।

## दवा और सर्जिकल उपकरण सप्लाई का झांसा देकर 3 करोड़ की ठगी

**बिलासपुर।** दवा व सर्जिकल उपकरणों की सप्लाई करने का झांसा देकर शहर के व्यापारी से 3 करोड़ 15 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सकरी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, तिफरा आर्या कालोनी निवासी राकेश खरे पिता स्व. प्रकाश खरे 59 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे मेडिकल एवं सर्जिकल आइटम व चिकित्सकीय उपकरण की सप्लाई करते हैं। वर्ष 2021 में उनकी गुवाहाटी असम के रहने वाले नरेन्द्र सिन्हा से मुलाकात हुई। उन्होंने खुद को एक काउंसिल का मेंबर होने की जानकारी देते हुए व्यापार बढ़ाने में सहयोग करने का आश्वासन दिया। उसके बाद मई 2021 फेस मास्क, पीपीई किट, ग्लब्स आदि आर्डर की कापी भेजी, इसमें आर्डर मल्य 14 करोड़ का था।

# हाथ में हथकड़ी और पुलिस का पहरा, शिक्षक का नियुक्ति पत्र लेने पहुंचा कैदी

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के गया से एक हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां बोधगया स्थित संस्कृति केंद्र में बीपीएससी में चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा था।

इसी दौरान पटना से एक कैदी हाथों में हथकड़ी पहने और सुरक्षा घेरे के बीच वहां पहुंचा। उसे देखकर लोग हैरान रह गए। सब एक दूसरे से पूछने लगे कि इस व्यक्ति का यहां क्या काम? हालांकि थोड़ी देर बाद स्थिति साफ हो गई।

पता चला कि 18 महीने पहले बिपिन नामक के इस कैदी को पॉक्सो एक्ट में बेउर जेल भेजा गया था। बताया जा रहा है कि पहले बिपिन राजधानी के दानापुर स्थित सगुना मोड के पास स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाते थे। इस दौरान उन्होंने एक छात्रा की पिटाई कर दी थी। इस घटना के बाद छात्रा ने इनके ऊपर पॉक्सो एक्ट के तहत केस कर दिया। इसके चलते पुलिस ने उन्हें अरेस्ट कर जेल भेज दिया था. उसी समय से वह जेल में बंद थे।

### जेल में रहकर की पढ़ाई

हालांकि जेल में भी उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और जेल में रहते हुए बीपीएससी क्लीयर कर लिया। उन्होंने बताया कि जेल में रहने के दौरान उन्हें पूरा मौका मिला और रोज आठ से 10 घंटे पढ़ाई की। उधर, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों राज्य में आयोजित बीपीएससी की परीक्षा में जेल में रहते हुए बिपिन ने हिस्सा लिया था और इस परीक्षा को अच्छे अंकों से पास किया है।



### हथकड़ी लगाकर पहुंचे नियुक्ति पत्र लेने

रिजल्ट आने के बाद शिक्षा विभाग की ओर से बोध गया संस्कृति केंद्र में बीपीएससी शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बिपिन को भी उपस्थित होने की सूचना दी गई। इसके बाद पटना से बेउर जेल से विपिन कुमार सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपना नियुक्ति पत्र लेने पहुंचे। उनकी सुरक्षा के लिए ही बिहार पुलिस ने उनके हाथों में हड़कड़ी लगा रखी थी। वहीं उनके चारों ओर पुलिस का घेरा था।

विवाद : नाराजगी के बाद सीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

# रमजान पर कश्मीर में फैशन शो से बवाल, आयोजकों ने मांगी माफी

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में रमजान महीने में हुए फैशन शो पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। फैशन शो पर कट्टरपंथी नेताओं और सीएम उमर अब्दुल्ला की नाराजगी के बाद प्रसिद्ध



डिजाइनर जोड़ी शिवन भाटिया और नरेश कुकरेजा को आलोचना का सामना करना पड़ा है। इस बढ़ते विवाद के बीच, डिजाइनरों ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। इस मामले में सीएम उमर अब्दुल्ला कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं। दिल्ली स्थित डिज़ाइनर जोड़ी ने 7 मार्च को गुलमर्ग में अपने स्कीवियर कलेक्शन का प्रदर्शन किया, जो उनके ब्रांड की 15वीं वर्षगांठ का हिस्सा था।

हालांकि, यह आयोजन धार्मिक और राजनीतिक नेताओं की आलोचना के केंद्र में आ गया। कश्मीर के नेता मीरवाइज उमर फारूक ने इस आयोजन को अस्वीकार्य बताते हुए कहा, रमज़ान के पवित्र महीने में गुलमर्ग में एक अश्लील फैशन शो आयोजित किया गया, जिसके वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं। यह कश्मीर की सूफी-संत संस्कृति और धार्मिक आस्था का अपमान है। इसमें शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।



### सवालों के घेरे में पर्यटन विभाग

सामाजिक कार्यकर्ता राजा मुजफ्फर भट ने भी इस आयोजन पर आपत्ति जताई और पर्यटन विभाग से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने पूछा, गुलमर्ग में रमज़ान के दौरान इस फैशन शो की अनुमति किसने दी? पर्यटन विभाग और गुलमर्ग विकास प्राधिकरण को जवाब देना चाहिए कि वे हमारी नैतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताओं को क्यों नुकसान पहुंचा रहे हैं?

### सीएम अब्दुल्ला ने दिए निर्देश

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इस पर सख्त नाराजगी जताई और जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा, "इस फैशन शो की तस्वीरें स्थानीय भावनाओं की पूरी तरह अवहेलना दिखाती हैं, वह भी रमज़ान के दौरान। मैंने स्थानीय प्रशासन से इस मामले पर 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट मांगी है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### डिजाइनर्स की सफाई और माफी

विवाद बढ़ने के बाद शिवम और नरेश ने सोशल मीडिया पर माफी जारी की। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, गुलमर्ग में हमारे हालिया आयोजन से हुई किसी भी आहत भावना के लिए हमें गहरा खेद है।

हमारा एकमात्र उद्देश्य रचनात्मकता और स्की-अपेरेस-स्की जीवनशैली का जश्न मनाना था, न कि किसी भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना। हम सभी संस्कृतियों और परंपराओं का सम्मान करते हैं और अपने समुदाय की प्रतिक्रिया की सराहना करते हैं। हम भविष्य में अधिक सतर्क और सम्मानजनक बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# नए तहसील कार्यालय का शुरू हुआ विरोध, वकीलों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

कोनी में प्रस्तावित तहसील कार्यालय निर्माण को लेकर जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में वकीलों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान करीब 200 से अधिक वकीलों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। वहीं वकीलों ने अन्य अधिकारियों के बजाए कलेक्टर को ही ज्ञापन सौंपने पर अड़े रहे, इस दौरान 1 घंटे तक गहमागहमी के बीच वकीलों ने अपनी मांग पर कलेक्टर से चर्चा की। कलेक्टर अवनीश शरण ने वकीलों की मांग को लेकर उच्च अधिकारियों पर पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

कोनी में नए तहसील कार्यालय बनाने के लिए बजट की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा की गई है। इसे लेकर जिला अधिवक्ता संघ और वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा है। वकीलों का कहना है कि इससे दूरदराज से आने वाले आवेदकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, वहीं तहसील कार्यालय के ज्यादातर दस्तावेज कलेक्टर कार्यालय में नस्तीबद्ध किए जाते है, जिससे प्रकरणों के निबटारे में जबरिया लेटलतीफी की जाएगी। ऐसे में नया कार्यालय कोनी के बजाए मौजूदा तहसील कार्यालय परिसर में ही बनाया जाए।

### कमिश्नर कार्यालय को लेकर भी आपत्ति

वकीलों ने प्रशासन पर जबरदस्त तरीके से रोष दर्ज किया। दरअसल वकीलों की आपत्तियों के बावजूद प्रशासन की ओर से कमिश्नर कार्यालय कोनी में बनाया जा रहा है। करीब 10 करोड़ की लागत से बन रहा कमिश्नर कार्यालय लगभग 90 फीसदी पूर्ण हो चुका है, वकीलों का कहना है कि इस बात कई बार ज्ञापन सौंपा गया है, इसके बावजूद कमिश्नर कार्यालय कोनी में बनाया जा रहा है, ऐसे में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई के लिए वकीलों को 5 किमी दूर कोनी जाने की जरूरत पड़ेगी, जिससे श्रम और रूपए की बर्बादी होना तय है। ऐसे में वकीलों ने कलेक्टर अवनीश शरण से मांग करते हुए कमिश्नर कार्यालय की व्यवस्था शहर के बीचोंबीच रखने की मांग की है। इस बारे में कलेक्टर ने उच्च अधिकारियों तक बात पहुंचाने का आश्वासन भी दिया है।

### यह है वकीलों की मांगें

वकीलों का कहना है कि तहसील कार्यालय और उसके आसपास अवैध दुकाने हैं। सड़क पर खड़े ऑटो यातायात बाधित कर रहे हैं। इन समस्याओं की वजह से न केवल अधिवक्ताओं को परेशानी होती है, बल्कि आम नागरिकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से इन समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की।

# राजधानी के नारायणा अस्पताल, राजनांदगांव के संजीवनी नर्सिंग होम में आईटी का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रायपुर में दो दर्जन से ज्यादा अफसर, कर्मी जांच करने पहुंचे

टैक्स चोरी की आशंका पर आयकर विभाग की टीम देवेंद्र नगर स्थित नारायणा अस्पताल तथा राजनांदगांव स्थित संजीवनी नर्सिंग होम में सोमवार दोपहर 1 बजे सर्वे करने के लिए पहुंची। दोनों अस्पताल प्रबंधन द्वारा बोगस बिलिंग कर टैक्स चोरी करने की शिकायत मिलने पर आईटी की टीम जांच करने पहुंची।

नारायणा अस्पताल तथा संजीवनी नर्सिंग होम में आईटी की 35 सदस्यीय टीम जांच करने पहुंची। बताया जा रहा है कि तलाशी में रायपुर के अस्पताल संचालक द्वारा कचना में ऑलीशान रिसॉर्ट बनाने और बोगस बिलिंग करने संबंधी दस्तावेज मिले हैं। इसी तरह राजनांदगांव के अस्पताल संचालक द्वारा टैक्स चोरी करने और प्रॉपर्टी में निवेश किए जाने के दस्तावेज मिले हैं। दोनों ही अस्पताल संचालकों द्वारा पिछले काफी समय टैक्स चोरी की जा रही थी। इसे देखते हुए दोनों की आईटीआर की छानबीन करने के बाद कार्रवाई की गई। आईटी की टीम दस्तावेजों के साथ ही लेनदेन के पेपर्स, कंप्यूटर, लैपटॉप, रजिस्टर के साथ ही कुल आय-व्यय और खर्च की जांच कर रही है।

# कांग्रेस नेता व व्यवसायी द्वितेंद्र मिश्रा के संस्थानों पर आईटी का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

■ श्री कल्याण ट्रेडर्स सहित अन्य स्थानों पर दी गई दबिश

सरगुजा में कांग्रेस नेता और प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा के संस्थान पर इनकम टैक्स अफसरों ने रेड की है। आईटी की टीम द्वारा सुबह सुबह कांग्रेस नेता के व्यापारिक प्रतिष्ठान सहित अन्य स्थानों पर दबिश गई। इस कार्रवाई को इनकम टैक्स में गड़बड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि सोमवार को शहर के गांधीनगर क्षेत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर दबिश दी गई है। द्वितेंद्र मिश्रा की गांधीनगर में श्री कल्याण ट्रेडर्स के नाम से सीमेंट, छड़ की दुकान संचालित है। इसके साथ ही वे ठेकेदारी और शासकीय विभागों में सामान सप्लाई का काम भी करते है। यही वजह है कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने द्वितेंद्र मिश्रा के कल्याण ट्रेडर्स स्थित व्यापारिक संस्थान व सृंग कंस्ट्रक्शन में दबिश दी है। टीम द्वारा द्वितेंद्र मिश्रा के तीन अलग अलग ठिकानों पर छापा मारा गया है जिसमें 20 से अधिक अधिकारी जांच कर रहे है। इस कार्रवाई के बाद नगर में हड़कंप मच गया है। विदित हो कि द्वितेंद्र मिश्रा पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के खेमे से आते है



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान

कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# करोड़ों का री-एजेंट घोटाला मोक्षित कॉर्पोरेशन के एमडी को नहीं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों के री-एजेंट घोटाले में गिरफ्तार मोक्षित कॉर्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा को राहत नहीं मिल पाई है। सोमवार को उसकी रिमांड की अवधि 24 मार्च तक बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर हजार गुना से ज्यादा दाम पर री-एजेंट बेचने के आरोप शशांक चोपड़ा पर हैं।

मामले की सुनवाई ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट में हुई और उसकी न्यायिक रिमांड की अवधि 24 मार्च तक बढ़ा दी गई। शशांक चोपड़ा 10 फरवरी को पूछताछ के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। इसके बाद हुई पेशी में उसके रिमांड की अवधि बढ़ाई जा रही है। मोक्षित कॉर्पोरेशन की एमडी पर आरोप है कि उसने विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत कर करोड़ों के उपकरण और री-एजेंट हजार गुना से अधिक दाम पर स्वास्थ्य विभाग को बेचे थे। इस मामले में ईओडब्ल्यू टीम कई लोगों से पूछताछ कर चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा विधानसभा में 15 अधिकारियों से पूछताछ की अनुमति देने की जानकारी दी जा चुकी है।



■ न्यायिक रिमांड की अवधि 24 मार्च तक बढ़ाई गई

### शराब घोटाला, आवेदन पर 20 को सुनवाई

दो हजार करोड़ से अधिक के शराब घोटाला मामले में डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने अनवर ढेबर के आवेदन पर सुनवाई के लिए 20 मई की तारीख तय की गई है। वहीं मामले की नियमित सुनवाई 28 अप्रैल को होगी। तब तक मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com